राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 16 ,मार्च 2026
वर्ष 07,अंक 163, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रहीमाबाद थाना में न्याय की बोली?' सिपाही सेसपाल और सुमित पर 50 हज़ार रिश्वत मांगने का आरोप...03

एलपीजी की किल्लत और महंगाई के विरोध में लल्ला चुंगी पर प्रदर्शन...12

# एक्साइज पॉलिसी केसः जज बदलने की अपील... हाईकोर्ट से इनकार के बाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**● दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की जज बदलने की मांग को खारिज कर दिया था जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. उन्होंने SC में याचिका दायर कर जज बदलने की मांग की है।**



दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में हाईकोर्ट से इनकार के बाद अब अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जज बदलने की मांग की है. केजरीवाल ने याचिका में दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच से केस ट्रांसफर करने की अपील की है. केजरीवाल के साथ-साथ सिसोदिया ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने इस मांग को खारिज कर दिया था, जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा है कि सीबीआई की याचिका मौजूदा रोस्टर के हिसाब से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को दी गई है. उन्होंने कहा कि केस से अलग होने की किसी भी रिक्वेस्ट पर संबंधित जज को ही विचार करना होगा. कोर्ट ने कहा कि हालांकि, मुझे एडमिनिस्ट्रेटिव साइड से ऑर्डर पास करके पिटीशन को ट्रांसफर करने का कोई कारण नहीं दिखता।

**केजरीवाल ने ट्रांसफर करने की मांग की थी**

दरअसल अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 27 फरवरी को आबकारी नीति मामले में उन्हें बरी किए जाने को चुनौती देने वाली सीबीआई की क्रिमिनल पिटीशन को ट्रांसफर करने की मांग की थी. केजरीवाल इस मामले में रेस्पोंडेंट में से एक हैं. सीबीआई की याचिका पर 9 मार्च को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई थी।

**बरी किए गए सभी 23 लोगों को नोटिस**

उन्होंने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत शराब नीति मामले में बरी किए गए सभी 23 लोगों को नोटिस जारी किया था. इसके साथ ही मामले में अगली सुनवाई 23 मार्च तय की थी. सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि शराब नीति मामले में आप नेताओं केजरीवाल, सिसोदिया और दूसरे सभी आरोपियों को बरी करते समय गवाहों और अप्रूवर के बयानों के बारे में ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियां, चार्ज स्टेज पर, पहली नज़र में गलत हैं और उन पर विचार करने की ज़रूरत है।

वहीं अरविंद केजरीवाल ने अपनी अर्जी में कहा था कि 9 मार्च के ऑर्डर में ट्रायल कोर्ट की टिप्पणियों में खास गड़बड़ी के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है. संबंधित बेंच ने एक्साइज पॉलिसी केस से जुड़े कई मामलों पर पहले ही फैसला कर लिया है, जिसमें पहली नजर में टिप्पणियां दर्ज की गई हैं और आरोपियों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है।

**केजरीवाल ने अर्जी में क्या कहा**

अर्जी में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को राहत दी है. उन्होंने कहा कि उनकी दलील किसी निजी पसंद पर आधारित नहीं है, बल्कि सिर्फ एक निष्पक्ष और जानकार लिटिगेंट के मन में एक वाजिब आशंका को परखने के लिए है. इसलिए गंभीर, सच्ची और वाजिब आशंका के आधार पर ट्रांसफर की मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और न्यूट्रैलिटी वाली सुनवाई नहीं हो सकती है।

**राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला**

27 फरवरी को फैसला सुनाते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने पाया था कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप सह-आरोपी या गवाहों के बयानों पर आधारित थे, लेकिन उन्हें किसी भी आपराधिक साजिश से जोड़ने वाला कोई स्वतंत्र सबूत नहीं था. इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट ने यह भी देखा कि ष्छ्ब्ढ़ ने लंबे समय तक सरकारी गवाह के बयानों को बार-बार दोबारा रिकॉर्ड किया, जाहिर तौर पर कमियों को भरने, सरकारी वकील की कहानी को बेहतर बनाने, और आरोपियों को फंसाने, या हालात की चेन में गायब कड़ियों को बनावटी ढंग से जोड़ने के लिए.

**जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कही ये बात**

9 मार्च को सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा था कि आरोप लगाने के स्टेज पर ही, गवाहों और अप्रूवर के बयानों के बारे में ट्रायल कोर्ट की कही गई कुछ बातें पहली नज़र में गलत लगती हैं और उन पर विचार करने की ज़रूरत है।

**शेष खबर पेज न 12 पर**

# 24 साल पुराने बैंक फ्रॉड केस में फरार आरोपी गिरफ्तार, सीबीआई ने मुंबई से दबोचा, 11 साल थी तलाश

**● केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 24 साल पुराने बैंक धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे**

**● मुख्य साजिशकर्ता हरपाल सिंह आहूजा को 11 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है.**

**● गाजियाबाद कोर्ट ने उसे 2014 में भगोड़ा घोषित किया था. हरपाल की गिरफ्तारी मुंबई से हुई है**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 24 साल पुराने बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई की है. एजेंसी ने फरार चल रहे आरोपी हरपाल सिंह आहूजा को गिरफ्तार कर लिया है.हरपाल इस मामले में घोषित अपराधी (घोषित अपराधी) है. वो पिछले करीब 11 साल से कानून से बचता फिर रहा था, वहीं सीबीआई लगातार उसकी तलाश कर रही थी।

सीबीआई के मुताबिक, इस बैंक धोखाधड़ी के मामले में केस 27 अप्रैल 2001 को दर्ज किया गया था. जांच पूरी होने के बाद एजेंसी ने 19 मार्च 2003 को हरपाल सिंह आहूजा और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी. बताया गया है कि हरपाल सिंह आहूजा इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता था उसी ने इस धोखाधड़ी की साजिश रची थी।

**2014 में फरार हुआ था हरपाल**

सीबीआई ने बताया कि ट्रायल के दौरान साल 2014 में हरपाल सिंह आहूजा फरार हो गया था. इसके बाद 2 अगस्त 2014 को गाजियाबाद स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने उसे प्रोक्लाइमेड ऑफेंडर घोषित कर दिया था. बाद में अदालत ने 1 अगस्त 2017 को उसके खिलाफ ओपन डेटेड अरेस्ट वारंट भी जारी किया था।

**लगातार ठिकाने बदल रहा था हरपाल**

इस बीच, मामले में बाकी आरोपियों के खिलाफ ट्रायल पूरा हो चुका है, लेकिन हरपाल सिंह आहूजा की गैरमौजूदगी की वजह से उसके खिलाफ सुनवाई अब तक लंबित थी. सीबीआई की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी. एजेंसी के अनुसार, पिछले 11 सालों के दौरान आरोपी हरपाल मुंबई और फरीदाबाद के बीच लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा, ताकि वह गिरफ्तारी से बच सके।

**मुंबई से हुई गिरफ्तारी**

काफी कोशिशों और लगातार ट्रैकिंग के बाद आखिरकार सीबीआई को कामयाबी मिली और जांच एजेंसी ने हरपाल सिंह आहूजा को 12 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया. हरपाल सिंह की गिरफ्तारी मुंबई के कल्याण इलाके से हुई. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को गाजियाबाद लाया गया, जहां उसे सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया.अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. सीबीआई को 24 साल पुराने बैंक फ्रॉड केस में बड़ी सफलता मिली है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन और बूथ प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

**गोंडा** के नवाबगंज क्षेत्र स्थित जंग बहादुर लाल बनवारी लाल इंटरमीडिएट कॉलेज में आज भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनकापुर के विधायक रमापति शास्त्री सहित जिले के कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों, उनके क्रियान्वयन, बूथ प्रबंधन, मन की बात टिफिन बैठक, बूथ स्तरीय कार्यक्रम, पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान, इतिहास, विकास कार्यों तथा सोशल मीडिया और नमो ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। वहीं विधायक रमापति शास्त्री के द्वारा गैस सिलेंडर की किल्लत के बारे में सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, ये विरोधियों का प्रचार है। उन्होंने प्रदेश सरकार के 4 साल पूर्ण होने पर कहा कि हमारी सरकार ने सबको साथ लेके चलने का काम किया है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, सांसद गोंडा प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय, जनार्दन प्रसाद तिवारी, बाबूलाल शास्त्री, राकेश तिवारी, योगेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, रबी श्रीवास्तव, सतेंद्र श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, रत्नेश मिश्रा, सौरभ दुबे, विनोद सिंह, पिंकू सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ताजमहल से दिल्ली साइकिल यात्रा मथुरा से लौटाई, हिंदू महासभा की हर स्मारक पर तिरंगा फहराने की मांग

**आगरा।** ताजमहल समेत अन्य स्मारकों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए कानून बनाने की मांग को ताजमहल से शनिवार को दिल्ली तक के लिए शुरू हुई अखिल भारत हिंदू महासभा की यात्रा को पुलिस ने मथुरा में रोक दिया। रिफाइनरी थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था को खतरा बताते हुए ज्ञापन ले लिया। कार्यकर्ताओं को आगरा वापस लौटने की हिदायत देते हुए फरह टोल प्लाजा पर छोड़ दिया गया। अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर के नेतृत्व में साइकिल यात्रा शनिवार सुबह 11 बजे ताजमहल के पश्चिमी गेट के समीप स्थित आरके फोटो चौराहा से शुरू हुई। उन्हें 18 मार्च को दिल्ली में संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपना था। समर्थन मांगने सांसद हेमा मालिनी के निवास पर भी जाना था। मथुरा में जन्मभूमि और ईदगाह पर तिरंगा फहराने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गया। रिफाइनरी थाना क्षेत्र में साइकिल यात्रा को रोककर सभी को थाना ले जाया गया। शाही ईदगाह पर तिरंगा फहराने से शांति व्यवस्था को खतरा बताते हुए यात्रा को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। महासभा के कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें फरह टोल प्लाजा पर छोड़ते हुए आगरा लौटने की सख्त हिदायत दी गई।

# अरावली पहाड़ियों की परिभाषा होगी तय, कमेटी के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी, SC में हलफनामा दायर

**सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर को अरावली पहाड़ियों की नयी परिभाषा को लेकर उठे विवाद पर संज्ञान लेते हुए 20 नवंबर के अपने एक आदेश को स्थगित कर दिया था, जिसमें इन पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय हाई लेवल एक्सपर्ट कमेटी पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है. कोर्ट में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कमेटी के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है.

इस कमेटी में इंडियन फॉरेस्ट सर्वे (एफएसआई), जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) और सर्वे ऑफ इंडिया से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं.

**केंद्र सरकार ने दी मंजूरी**

हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि प्रस्तावित कमेटी के गठन के लिए सुझाए गए नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है. फिलहाल मंत्रालय के पास इस कमेटी में शामिल करने के लिए कोई अतिरिक्त नाम नहीं है.

**कंचन देवी करेंगी कमेटी की अध्यक्षता**

प्रस्तावित कमेटी की अध्यक्षता इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन की वर्तमान डायरेक्टर कंचन देवी करेंगी. अन्य सदस्यों में एफएसआई के पूर्व महानिदेशक सुभाष अशुतोष, जीएसआई के पूर्व निदेशक राजेंद्र कुमार शर्मा, क्लाइमेट एंड एनर्जी पॉलिसी एक्सपर्ट तेजल कानिटकर, वरिष्ठ शिक्षाविद और लाइफ साइंस रिसर्चर जया प्रकाश यादव, वरिष्ठ जियोग्राफर और स्कॉलर तेजबीर सिंह राणा, भारत के पूर्व अतिरिक्त सर्वेयर जनरल, एसवीसिंह, गुजरात के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक सीएन पांडेय, नगालैंड के पूर्व पीसीसीएफ धर्मेंद्र प्रकाश शामिल हैं.

**अरावली पहाड़ियों की नयी परिभाषा**

सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर को अरावली पहाड़ियों की नयी परिभाषा को लेकर उठे विवाद पर संज्ञान लेते हुए 20 नवंबर के अपने एक आदेश को स्थझ्गित कर दिया था, जिसमें इन पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार किया गया था. कोर्ट ने सभी खनन गतिविधियों पर भी रोक लगा दी थी

## सुरियावां में स्वर्णकार संघ का होली मिलन समारोह संपन्न






**सुरियावां** में स्वर्णकार संघ द्वारा एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सम्मानित वरिष्ठजनों और सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना था। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज को एकजुट करने और आपसी संबंधों को मजबूत बनाने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान, सभी उपस्थित लोगों ने पारंपरिक तरीके से होली का उत्सव मनाया। इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राकेश वर्मा, जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ,कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सेठ ,दिनेश सेठ बब्बू, सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे। समारोह का समापन होली की शुभकामनाओं और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ हुआ,और सदस्यों ने आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया!

## गन्ने के खेत के पास दिखा तेंदुआ, ग्रामीण भयभीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महराजगंज तराई, बलरामपुर, बराहवा रेंज के क्षेत्र विजयीडीह व पूरेछीटन गांव के सीमा के पास रविवार सुबह करीब छह बजे तेंदुआ गन्ने के समीप तेंदुआ भागता दिखाई दिया। राहगीर रामधीरज तेंदुआ को देखकर भयभीत हो गए। अपनी साइकिल छोड़कर दूर भाग खड़े हुए। शोर करने पर तेंदुआ नाला की तरफ भाग गया। जबकि बीते 27 जनवरी को भी तेंदुआ इसी स्थान के पास दिखाई पड़ा था। जिसके कारण ग्रामीण के लोग डरे व सहमे हुए हैं। ग्रामीणों लल्लू शमशेर यादव,रामअछैबर राना पंचायत सहायक मंजू के अनुसार तेंदुआ पिछले दो माह से इसी स्थान पर कई बार देखा गया है। रामधीरज ने बताया कि सुबह अपने गांव से महाराजगंज कस्बा के लिए जा रहे थे, तभी तेंदुआ पूरेछीटन गांव के सीमा के समीप गन्ने के पास दिखाई पड़ा।जिसके कारण भयभीत होकर अपनी साइकिल छोड़कर भाग खड़े हुए। शोर करने पर तेंदुआ नाला की तरफ भाग निकला। लगभग दो माह से ग्रामीण तेंदुए के दर से शाम से पहले किसानी खेती का कार्य करके अपने घर लौट जाते हैं।

लेकिन शाम को इधर से निकलना खतरों से खाली नहीं रह गया है। बच्चों व पशुओं को भी घरों के पास रखने की हिदायत दी जा रही है।





ग्राम पंचायत प्रधान राजू यादव एवं ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव ने वन विभाग तथा खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर सुनील कुमार आर्य को अवगत कराकर तेंदुआ को पकड़वाने की मांग की है। बरहवा के रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी लगातार गांव का भ्रमण करने को निर्देशित किया गया हैं। वहीं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार आर्य ने बताया कि छेत्र में तेंदुआ के आतंक की सूचनाएं आये दिन मिल रहा है वन विभाग एवं उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया एवं ग्रामीण को जागरूक भी किया जा रहा हैं।

## दिल्ली में जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए बनेगा मास्टर प्लान, लाखों लोगों को मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली अपनी जल संबंधी आवश्यकता के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। आवश्यकता लगभग 1200 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की है। इसकी तुलना में लगभग एक हजार एमजीडी पानी उपलब्ध होता है। इसमें से भी लगभग आधा पानी ही उपभोक्ताओं के पास पहुंचता है। शेष पानी चोरी या रिसाव के कारण बर्बाद हो रहा है। दूषित जल आपूर्ति की भी समस्या है। इसका एक बड़ा कारण पुरानी व क्षतिग्रस्त पाइप लाइन है। इसके समाधान के लिए दिल्ली सरकार जल मास्टर प्लान तैयार कर रही है। इस योजना में जल वितरण प्रणाली को नौ कमांड सेंटर में विभाजित कर व्यवस्था सुधारने का प्रस्ताव है। प्रत्येक कमांड सेंटर में जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) और उससे जुड़े जल वितरण वाले क्षेत्र होंगे।

**तैयार किया जा रहा मास्टर प्लान**

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पानी से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी का प्रविधान के साथ पहली बार एक व्यापक जल मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। जल उपलब्धता व वितरण प्रणाली की



संरचनात्मक समस्याओं को दूर करने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाकर काम किया जाएगा। वहीं, शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान आधारभूत ढांचा, भविष्य की आवश्यकता, जल नेटवर्क रखरखाव आदि के अध्ययन करने के लिए एक सलाहकारी की नियुक्ति की गई है।

**निविदा आमंत्रित की जाएगी**

इस योजना का एक अन्य पहलू दिल्ली जल बोर्ड के वितरण नेटवर्क का विकेंद्रीकरण और निजीकरण होगा। सभी नौ कमांड क्षेत्रों के प्रबंधन, नेटवर्क उन्नयन व रखरखाव, जल आपूर्ति, राजस्व संग्रह के लिए निजी एजेंसी की तैनाती होगी। एक वर्ष के अंदर इसके लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी।

## दिल्ली विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेशः 24 मार्च तक करें आवेदन, जानें प्रक्रिया और शुल्क

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएचडी कार्यक्रम (फेज-2) के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय ने छात्रों से निर्धारित समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन पूरा करने की अपील की है। डीयू विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश 'पीएचडी-2024' नामक ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से किया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी विभागों, कालेजों और केंद्रों को इसी प्रणाली के जरिए शोधार्थियों का प्रवेश करना अनिवार्य होगा। इससे प्रवेश प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने का उद्देश्य है। आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे संबंधित विषय के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। प्रत्येक विषय के लिए योग्यता से जुड़ी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा जारी पीएचडी बुलेटिन आफ इंफार्मेशन 2024 में उपलब्ध है।

# जम्मू-कश्मीरः गैस की किल्लत के बीच जमाखोरी का खेल, पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा, 75 एलपीजी सिलेंडर जब्त

**जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. यह कदम आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ईरान अमेरिका और इजराइल के बीच चल रही जंग से भारत में गैस की किल्लत हो रही है, जिसकी वजह से लोग अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे हैं. इस बीच जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की. इस दौरान इलाके से 75 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए. इसके साथ ही अवैध कारोबार में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस की इस कार्रवाई को इलाके में आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई विशेष सूचना के आधार पर की गई. एसएसपी डोडा संदीप मेहता (जेकेपीएस) के निर्देशों पर पुलिस स्टेशन भद्रवाह की टीम ने छापेमारी की. दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ लोग भद्रवाह इलाके में अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर आम लोगों को बेच रहे हैं और इससे सरकारी आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**तीन आरोपी गिरफ्तार**

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ के दौरान पुलिस को उनके कब्जे से बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर मिले. पुलिस के अनुसार, यह सिलेंडर अवैध तरीके से जमा किए गए थे और बाद में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी।

**75 एलपीजी सिलेंडर बरामद**


पुलिस ने बताया कि अब्दुल हमीद के कब्जे से 8 भरे हुए और 15 खाली एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए. वहीं गुलाम रसूल के पास से 28 भरे हुए और 24 खाली सिलेंडर जब्त किए गए. इस तरह कुल मिलाकर 75 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**मामले की जांच जारी**

बरामदगी के बाद भद्रवाह पुलिस स्टेशन में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज की है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं.डोडा पुलिस ने दोहराया कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, जो आम जनता को सीधे तौर पर प्रभावित करती है और निष्पक्ष आपूर्ति प्रणाली को बाधित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतिगंज में लाखों के जेवरात चोरी



अज्ञात चोरों ने घर में ताला तोड़ कर की चोरी, जांच जारी

**सुल्तानपुर/ गोसाईगंज** – थाना क्षेत्र के मोतिगंज स्थित गेढोरा गांव में बीती रात एक घर में सेंधमारी हुई। अज्ञात चोर लाखों रुपये के जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। यह घटना गांव निवासी शोभ नाथ मिश्रा के घर में हुई। गेड़ौरा निवासी शोभनाथ मिश्र शनिवार रात अपने परिवार के साथ भोजन के बाद सोए थे। देर रात चोर घर में घुसे और कमरे का ताला तोड़ दिया। चोरों ने अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर आठ सोने की अंगूठियां, सात सोने के झुमके, दो सोने की चेन, तीन मंगलसूत्र, छह जोड़ी पायल और लगभग 25 हजार रुपये नगद चुरा लिए। चोरी का पता चलने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर प्राप्त कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### उपनिरीक्षक लिखित परीक्षा में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**कानपुर।** उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के द्वितीय दिवस की प्रथम पाली के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। दिनांक 15.03.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के द्वितीय दिवस की प्रथम पाली के दृष्टिगत, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा सेन्ट्रल ज़ोन में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सभी को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

### बार संघ चुनाव में मतदान आज

**कोंच(जालौन)**- बार संघ चुनाव में आज 16 मार्च सोमवार को मतदान होगा। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (दस वर्ष से कम), कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों के लिए वोट डाले जाएंगे, शेष पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। सारी चुनावी प्रक्रिया तहसील परिसर स्थित बार भवन की लाइब्रेरी में संपन्न होगी।

सोमवार को होने वाला मतदान ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश कुमार मिश्रा के निर्देशन और निर्वाचन अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, पुरुषोत्तमदास रिछारिया, वीरेंद्र जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर, महेंद्र निरंजन, नरसिंह गहरवार की देखरेख में सुबह साढ़े दस बजे से प्रारंभ होकर शाम चार बजे तक जारी रहेगा। आधे घंटे के ब्रेक के बाद मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। अध्यक्ष पद पर अमरबाबू पाठक, ओमप्रकाश अग्रवाल व जितेंद्र सिंह गुर्जर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सरनाम सिंह यादव व रामबाबू निरंजन के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष (दस साल से कम) के एक पद के लिए सज्जीत कुमार व साकेत चतुर्वेदी के बीच मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार द्विवेदी व अमित श्रीवास्तव के बीच सीधा मुकाबला होगा। संयुक्त सचिव के तीन पदों के लिए अवनीश कुमार बूटौलिया, राघवेंद्र सिंह निरंजन, संजय कुमार निरंजन व जितेंद्र सिंह के बीच चतुष्कोणीय जंग होगी। गौरतलब है कि बारसंघ कोंच के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर सरगर्मियां चरम पर हैं और जो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं वे सुबह से लेकर देर रात तक मतदाता अधिवक्ताओं के घरों पर दस्तक दे रहे हैं।

# बस्ती जिले में आइडियल मल्टी स्पेशलिटी एवं मेटरनिटी हॉस्पिटल में प्राइवेट अस्पताल पर गंभीर आरोप

● 13 मार्च की रात 2 बजे महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केशहर स्थित महिला अस्पताल के सामने संचालित आइडियल मल्टी स्पेशलिटी एवं मेटरनिटी हॉस्पिटल में शुक्रवार 13 मार्च 2026 की रात करीब 2:00,रू बजे एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला।परिजनों का कहना है कि महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टरों की कथित लापरवाही और समय पर सही इलाज न मिलने के कारण उसकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और निजी स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बस्ती मंडल में लगातार प्राइवेट अस्पतालों में मौत का सिलसिला जारी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की निगरानी इन अस्पतालों तक प्रभावी तरीके से नहीं पहुंच रही है। लोगों का आरोप है कि कई निजी अस्पताल और क्लीनिक केवल कागजी औपचारिकताओं के सहारे संचालित हो रहे हैं। अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन तो हो जाता है, लेकिन डॉक्टरों की डिग्री और चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठते रहते हैं। आरोप लगाया जाता है कि कई जगह पैसे के सहारे व्यवस्थाएं दिखाकर अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं, जहां इलाज के नाम पर मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है।

लोगों का कहना है कि बस्ती मंडल में ऐसे दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में कुछ समय बाद मामला शांत हो जाता है और निगरानी समिति तथा जिम्मेदार विभागों की जांच फाइलों में दबकर रह जाती है। कई मामलों में शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई लंबित रह जाती है और अंततः मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। बताया जा रहा है कि यह पहली घटना नहीं है। हाल ही में बस्ती जनपद के मरियम हॉस्पिटल में भी एक महिला की मौत के बाद




काफी हंगामा हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद मामला शांत हो गया और कथित रूप से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वहीं जनपद सिद्धार्थनगर में भी कुछ दिन पहले एक निजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद लोगों ने विरोध किया था।*करीब दस माह पहले इटवा-डुमरियागंज मार्ग, इटवा में डॉ. अकलीमा खातून के यहां भी जच्चा-बच्चा की मौत का मामला सामने आया था। उस समय भी यह आरोप लगे थे कि वहां बिना वैध रजिस्ट्रेशन के अस्पताल/क्लीनिक संचालित किया जा रहा था लेकिन इसके बावजूद मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला गया और कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आईलोगों का आरोप है कि कई जगह बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। लोगों का यह भी कहना है कि कुछ अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों को संरक्षण भी मिल रहा है*जिसके कारण इन पर कार्रवाई करने में ढिलाई बरती जाती है। लोगों का कहना है कि जब भी ऐसे मामलों को उठाया जाता है तो कुछ संरक्षण देने वालों को तिलमिलाहट होती है, लेकिन यह नहीं समझते कि जिस दिन ऐसे अवैध कारोबारियों को साथ देने वालों के अपने परिवार के साथ ऐसी घटना होगी, तब उन्हें महसूस होगा कि किसी मरीज की मौत का दर्द क्या होता है लोगों का आरोप है कि आम जनमानस की जिंदगी से खिलवाड़ करने और सरकार को बदनाम करने में कुछ अवैध कारोबारियों और निगरानी समितियों की लापरवाही कहीं न कहीं कोई कसर नहीं छोड़ रही है, क्योंकि लगातार घटनाएं सामने आने के बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बस्ती कमिश्नर साहब एवं अपर स्वास्थ्य निदेशक बस्ती मंडल साहब से स्थानीय लोगों ने अपील की है कि समय रहते यदि ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो इसी तरह मासूम जानें जाती रहेंगी। लोगों का कहना है कि प्राइवेट अस्पतालों और क्लीनिकों की सख्त जांच कर नियमों के विरुद्ध संचालित अस्पतालों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## एसपी अमेठी द्वारा यूपीएसआई परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया



●पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा यूपीएसआई परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से द्वितीय पाली परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के द्वितीय दिवस द्वितीय पाली में परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, शाहगढ़ व गांधी इण्टरमीडिएट कॉलेज, कोरारी लच्छनशाह व पुलिस कार्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी /कर्मचारी गण को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात अधिकारी/कर्मचारी गण को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुए निर्देशित किया गया ।

## सीआरपीएफ इंस्पेक्टर को शादीशुदा प्रेमिका से चोरी छिपे मिलना पड़ा भारी

● परिजनों ने पकड़कर की जमकर धुनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के एक गांव मेंसीआरपीएफ में तैनात इंस्पेक्टर अतुल सिंह देर रात अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके ससुराल पहुंच गया. रात में जब वह अपनी प्रेमिका से मिलने घर में घुसा तो प्रेमिका के ससुराल वालों ने रंगे हाथ पकड़ लिया. उसके बाद जमकर पिटाई की गई, पीटते पीटते आशिक अतुल की नाक भी फूट गई और खून बहने लगा बस्ती जिले में प्रेम प्रसंग का अज़ब गज़ब मामला सामने आया है. जहां शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को प्रेमिका के ससुराल वालों में रंगे हाथ पकड़ लिया. इसके बाद प्रेमी की जमकर पिटाई की गई और नाक भी फोड़ दी गई. बता दें कि प्रेमी, सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर पद पर तैनात है और दोनों के बीच बीते 4 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा है. शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी, परिजनों ने पकड़कर कर दी पिटाई



CRPF इंस्पेक्टरप्रेमिका के घर वालों ने की धुनाई

बता दें सीआरपीएफ में तैनात इंस्पेक्टर अतुल सिंह देर रात अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके ससुराल पहुंच गया. रात में जब वह अपनी प्रेमिका से मिलने घर में घुसा तो प्रेमिका के ससुराल वालों ने रंगे हाथ पकड़ लिया. उसके बाद जमकर पिटाई की गई, पीटते पीटते आशिक अतुल की नाक भी फूट गई और खून बहने लगा. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अतुल को पकड़ कर थाना ले गई. ससुराल पक्ष ने पुलिस को बताया कि अतुल नाम का युवक रात 2 बजे उनके घर में घुस गया. उनकी बहू के साथ उसे पकड़ा गया. पकड़े जाने के बाद उसने बताया कि उसका 4 साल से उनकी बहू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है.

### वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला की माताजी का निधन



क्षेत्र में शोक की लहर

**अमेठी।** जिले के वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला की माताजी का लगभग 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जाता है कि वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन पर परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।लोगों ने कहा कि माता जी का जीवन सादगी, संस्कार और परिवार के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उनका निधन समाज और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

## असली और नकली जिलाध्यक्ष की पहचान करने में चूके DPRO घनश्याम सागर

● असली और नकली जिलाध्यक्ष की पहचान किये बिना फर्जी जिलाध्यक्ष की DPRO ने शासन को भेजी फर्जी सूची

ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के जिलाध्यक्ष को लेकर दो बार हो चुका है चुनाव CDO ने जांच पड़ताल के बाद DPRO को जिलाध्यक्ष की सूची शासन को भेजने का दिया था आदेश कुछ सफाई कर्मियों की शैक्षिक योग्यता की जांच की जाए तो वह भी फर्जी है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर ने सफाई कर्मचारी संघ के असली व नकली जिलाध्यक्ष की पहचान करने में चूक गए और असली और नकली जिलाध्यक्ष की बिना पहचान किए ही फर्जी सूची शासन को भेजा दिया है जिसको लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है । सफाई कर्मचारी संघ के निर्वाचित जिलाध्यक्ष पेशकार व निर्वाचित महामंत्री अतुल कुमार पांडेय ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करके निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग किया है । उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण




सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर विवाद एक बार फिर गरमा गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और सही तथ्यों से निदेशक पंचायतीराज को अवगत कराये जाने की मांग किया गया है। शिकायत के अनुसार संघ के प्रांतीय कार्यालय द्वारा 17 दिसम्बर 2025 को जारी पत्र के माध्यम से जनपद बस्ती में द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव कराने हेतु सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। आरोप है कि 25 दिसम्बर 2025 को होने वाले नामांकन की सूचना न तो सार्वजनिक रूप से जारी की गई और न ही स्थान की जानकारी दी गई थी । साथ ही जिला मंत्री मनोज चौहान, कोषाध्यक्ष पेशकार और संगठन मंत्री रामकृपाल चौधरी सहित कई पदाधिकारियों को भी नामांकन की जानकारी नहीं दी गई थी और न तो कार्यकारिणी को भंग किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि 24 दिसम्बर 2025 को जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय बस्ती में प्रदेश संगठन से आए पत्र को प्राप्त कराने के बाद 25 दिसम्बर को बंद कमरे में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस प्रक्रिया की जानकारी न तो किसी समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी और न ही व्हाट्सएप समूहों में साझा की गई थी साथ ही चुनाव के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से अनुमति लेने और जिले के सफाई कर्मचारियों की सत्यापित सूची मंगाने की प्रक्रिया भी नहीं अपनाई गई थी

बताया गया कि इस घटनाक्रम से कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया है जिसके बाद सफाई कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ एवं समस्त एडीओ पंचायत को सूचना देते हुए अटल बिहारी प्रेक्षागृह में मतदान कराने के साथ ही मानकों के साथ चुनाव सपन्न कराया गया था इसमें 1681 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और अध्यक्ष पद पर पेशकार, मंत्री पद पर अतुल कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पद पर रामकृपाल चौधरी, जिला संगठन मंत्री पद पर मोहम्मद सलीम तथा लेखा समप्रेक्षक पद पर राजकुमार का चयन किया गया। हालांकि प्रदेश कार्यकारिणी ने इस चुनाव को मान्यता देने से इनकार कर दिया है।अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूरे मामले की शिकायत 10 मार्च को डीपीआरओ से की गई तथा 11 मार्च को मुख्य विकास अधिकारी से मिलकर जांच की मांग की गई। उन्होंने डीपीआरओ को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए थे लेकिन CDO के आदेश को दरकिनार करके डीपीआरओ द्वारा विवादित जिलाध्यक्ष की सूची शासन को भेज दी गई है । जिला मंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि उक्त प्रकरण की जांच निष्पक्ष हो जाएं तो दूध का दूध पानी का पानी अलग हो जायेगा । अब बड़ा सवाल यह है कि CDO के आदेश के बाद भी DPRO ने क्यों नही असली और नकली जिलाध्यक्ष की पहचान किया ? इस प्रकार स्पष्ट है कि DPRO ने जानबूझ कर फर्जी जिलाध्यक्ष अजय आर्या का नाम शासन को भेज दिया है । शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## कन्हपुरिया क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न, सामाजिक एकता पर दिया गया बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जामों (अमेठी)।** अखिल भारतीय कन्हपुरिया क्षत्रिय महासभा द्वारा जामो विकास खण्ड के समीप स्थित पवन सिंह के आवास पर पवन सिंह के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह तथा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल के.पी. सिंह (प्रतापगढ़) द्वारा महाराजा कान्ह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विक्रमजीत सिंह (सलोन), भारतीय जनता



पार्टी के प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह (सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी), जय बक्स सिंह एडवोकेट, नायन स्टेट के कुमार आजाद सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), अनिल कुमार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजपथ सिंह (जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़), आर.पी. सिंह (जिला अध्यक्ष रायबरेली), साहब बक्स सिंह (जिला अध्यक्ष अमेठी-सुल्तानपुर), ब्रह्मजीत सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, कालिका सिंह (कोषाध्यक्ष), जिला महामंत्री संजय सिंह सहित अनेक गणमान्यजन एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह ने किया।इस अवसर पर गंगाबक्स सिंह, राजेश सिंह (भाजपा मंडल अध्यक्ष), अनिल सिंह दाढ़ी, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, महामंत्री तथा कन्हपुरिया समाज के अनेक सम्मानित सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और आपसी सद्भाव एवं बंधुत्व का संदेश दिया।वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज में सामाजिक समरसता, परस्पर सद्भाव एवं समानता की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। साथ ही समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन तथा अत्यधिक खर्चीली एवं आडंबरपूर्ण विवाह परंपराओं पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वंशावली में नई पीढ़ी के नामों को अद्यतन रूप से जोड़ने पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया

### एसएस आई भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीसीपी सेंट्रल ने किया निरीक्षण

**घाटमपुर।** कानपुर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक,, नागरिक पुलिस,, एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन की प्रथम पाली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहीं, अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने सेंट्रल जोन के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया,, निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लगें सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की,और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की साथ ही वहां मौजूद अधिकारियों से व्यवस्थाओ की जानकारी ली, डीसीपी सेंट्रल ने डियुटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को,ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष पारदर्शी शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें,, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

## बलरामपुर में दो संविदा चालक बर्खास्त: महीनों से अनुपस्थित रहने पर निगम ने की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर में परिवहन निगम ने महीनों से बिना सूचना ड्यूटी से गायब दो संविदा चालकों को बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई चालकों और परिचालकों की मनमानी पर प्रशासन के सख्त रुख का हिस्सा है। अन्य कर्मचारियों को भी कार्यशैली सुधारने की कड़ी चेतावनी दी गई है।परिवहन निगम के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट के अनुसार, संविदा चालक आशीष कुमार मिश्र और वीरेंद्र तिवारी 1 जनवरी से बिना किसी पूर्व सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। उनकी अनुपस्थिति के कारण बस संचालन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।आशीष कुमार मिश्र को 29 जनवरी को नोटिस बोर्ड और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 24 घंटे के भीतर ड्यूटी पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, उन्होंने इस निर्देश को नजरअंदाज कर दिया और कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद निगम ने इसे कार्य में बाधा मानते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी।इसी तरह, संविदा चालक वीरेंद्र तिवारी भी लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित थे। उनसे संपर्क करने के कई प्रयास विफल रहे। 17 जनवरी को उन्हें पत्र भेजकर तत्काल ड्यूटी जॉइन करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। लगातार अनुपस्थिति के कारण बस सेवाएं प्रभावित होने पर निगम ने उनकी भी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी।सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि चालकों और परिचालकों को नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। मनमानी करने वाले अन्य कर्मचारियों को मौखिक चेतावनी देकर अपनी कार्यशैली सुधारने को कहा गया है।

## भरखरे में नहर में मिला अधेड़ का शव परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

● अधिकारियों के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ / सुल्तानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भरखरे गांव निवासी 55 वर्षीय समर बहादुर का शव नहर में मिलने के बाद परिजनों ने पहले अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। समर बहादुर पुत्र लालता प्रसाद का शव शनिवार सुबह गांव के पास स्थित नहर में मिला था। शव से कुछ दूरी पर एक टूटा हुआ मोबाइल फोन और शराब की टूटी बोतल भी बरामद हुई थी। सूचना मिलने पर शिवगढ़ थाना पुलिस



मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के अनुसार, समर बहादुर शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे बीड़ी-माचिस लेने दुकान जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक नहीं लौटे। शनिवार सुबह नहर में शव मिलने की खबर मिली। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचा।

रविवार सुबह परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। उन्होंने हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-साथ पीड़ित परिवार के लिए आवास, खेती के लिए जमीन, मृतक की पत्नी को पेंशन और आर्थिक सहायता की मांग की। मृतक के भाई रामराज ने आरोप लगाया कि समर बहादुर दुकान से लौट रहे थे, तभी नहर के पुल पर शराब पीकर बैठे एक व्यक्ति ने पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर और प्रभारी तहसीलदार लंभुआ प्रांजल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत की और उचित कार्रवाई तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए और गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने बताया कि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है।

## बुरखा-मास्क पहनकर आए शातिर ज्वैलर्स की दुकान से 5 लाख ले उड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – शहर के पंचरास्ता इलाके में शनिवार को दिनदहाड़े एक ज्वैलर्स की दुकान से लाखों रुपये का सोना चोरी हो गया। बुरखा और मास्क पहने दो शातिर ग्राहक बनकर दुकान में घुसे और लगभग 5.5 लाख रुपये का सोना लेकर फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना कन्हैया सोनी एडवोकेट की ज्वैलर्स की दुकान पर हुई। दुकान पर एक महिला बुरखा पहनकर और एक व्यक्ति मास्क लगाकर



ग्राहक के रूप में पहुंचे। उन्होंने पहले दुकानदार से सोने की चेन दिखाने को कहा, फिर कान के सुई-धागे की भी मांग की। जब दुकानदार जेवर दिखाने में व्यस्त था, तभी मौका पाकर दोनों शातिर तीन सोने की चेन और एक सुई-धागा लेकर फरार हो गए। घटना के बाद दुकान के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिसमें दोनों संदिग्धों की तस्वीरें कैद मिलीं। बताया गया है कि आरोपी लगभग 35 ग्राम सोना लेकर फरार हुए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 50 हजार रुपये है। इस घटना से स्थानीय सराफा बाजार में चिंता का माहौल है। स्वर्ण समाज के अध्यक्ष गोपाल जी सोनी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को ऐसे संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# भविष्य की दुनिया में सादगी का आखिरी ठिकाना

**[ तकनीक से घिरी दुनिया में सादगी का जीवित द्वीप ]**

**[ प्रकृति, विश्वास और सादगी पर टिका भविष्य का एक अलग संसार ]**

भविष्य की कल्पना करते ही एक ऐसी दुनिया सामने आती है जहाँ जीवन का लगभग हर पहलू इंटरनेट से जुड़ा होगा। घर, सड़कें, स्कूल और अस्पताल–सब कुछ डिजिटल नेटवर्क के सहारे चलेगा। मनुष्य का दैनिक जीवन मानो एक विशाल स्क्रीन में सिमटता जाता दिखेगा। लेकिन इसी तेज़ और तकनीक से भरे भविष्य के बीच एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल लहर से थोड़ी दूरी बनाए खड़ा होगा। यह गाँव इंटरनेट के बिना भी उतना ही जीवंत और सक्रिय रहेगा। यहाँ तकनीक की कमी को अभाव नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय माना जाएगा। यह स्थान आधुनिक सभ्यता के बीच एक शांत द्वीप जैसा होगा, जहाँ मनुष्य अपने मूल स्वभाव के करीब लौटकर जीवन को बिना कृत्रिम शोर के सच्चाई से महसूस कर सकेगा।

इस गाँव की सुबह आधुनिक शहरों से बिल्कुल अलग होगी। यहाँ दिन की शुरुआत मोबाइल अलार्म या सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन से नहीं, बल्कि प्रकृति के सहज संगीत से होगी। सूरज की पहली किरण खेतों पर पड़ते ही धरती की नमी से उठती सुगंध वातावरण को भर देगी। पक्षियों की चहचहाहट लोगों को जगाएगी और ठंडी हवा दिन का स्वागत करेगी। लोग जागते ही किसी स्क्रीन की ओर नहीं झुकेंगे, बल्कि खुले आकाश को निहारेंगे। किसान मौसम का हाल किसी डिजिटल ऐप से नहीं, बल्कि बादलों की चाल, हवा की दिशा और मिट्टी के स्पर्श से समझेंगे। बच्चों की सुबह भी अलग होगी; वे स्कूल जाते समय रास्ते में खेलते हुए, पेड़ों की छाया में हँसते हुए आगे बढ़ेंगे। उनके हाथों में मोबाइल नहीं, बल्कि किताबें, कापियाँ और अनगिनत जिज्ञासाएँ होंगी।

इस गाँव का सामाजिक जीवन मानवीय संवाद की सच्ची गर्माहट से भरा होगा। यहाँ बातचीत किसी चैट विंडो में टाइप किए गए शब्दों से नहीं, बल्कि आमने-सामने की मुस्कान और आँखों की चमक से होगी। शाम ढलते ही लोग अपने-अपने काम से लौटकर चौपाल या आँगन में एकत्रित होंगे। वहाँ दिन भर की घटनाएँ साझा की जाएँगी, हँसी-मजाक होगा और कभी-कभी गंभीर चर्चा भी। बुजुर्गों का अनुभव इस समाज की सबसे बड़ी धरोहर होगा। बच्चे उनके पास बैठकर लोककथाएँ सुनेंगे, जीवन के छोटे-छोटे सूत्र सीखेंगे और अपने अतीत से जुड़ाव महसूस करेंगे। यहाँ ज्ञान किसी सर्वर में बंद नहीं होगा, बल्कि लोगों की स्मृतियों, अनुभवों और परंपराओं में जीवित रहेगा।

आर्थिक दृष्टि से भी यह गाँव आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा। इंटरनेट के अभाव में यहाँ ऑनलाइन बाज़ार नहीं होगा, लेकिन स्थानीय कारीगरों और किसानों की मेहनत से गाँव की ज़रूरतें पूरी होंगी। कुम्हार के चाक पर घूमती मिट्टी से सुंदर बर्तन बनेंगे, बुनकर के करघे से रंगीन कपड़े निकलेंगे और किसान की मेहनत से खेतों में अन्न की हरियाली लहराएगी। लोग अपने आसपास के लोगों से वस्तुएँ खरीदेंगे और इस लेन-देन में केवल पैसा ही नहीं, बल्कि विश्वास और अपनापन भी शामिल होगा। इस तरह यह गाँव एक ऐसे आर्थिक ढाँचे को जन्म देगा जहाँ स्थानीयता और सहयोग सबसे बड़े मूल्य होंगे।

प्रकृति इस गाँव के जीवन का केंद्र होगी। जब लोग स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी से दूर होंगे, तब उन्हें प्रकृति की सूक्ष्म सुंदरता को देखने का समय मिलेगा। वे रात के आकाश में तारों की अनगिनत कतारों को पहचानेंगे और चाँद के बदलते आकार में समय का प्रवाह महसूस करेंगे। नदी का शांत बहाव उन्हें धैर्य और निरंतरता का पाठ पढ़ाएगा, जबकि पेड़ों की छाया उन्हें संतुलन और शांति का महत्व समझाएगी। यहाँ प्रकृति केवल देखने की चीज़ नहीं होगी, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होगी। इंटरनेट की अनुपस्थिति में भी ज्ञान का प्रकाश कम नहीं होगा, क्योंकि प्रकृति स्वयं एक विशाल पुस्तक की तरह सबके सामने खुली होगी।

इस गाँव का सांस्कृतिक जीवन भी अत्यंत समृद्ध होगा। यहाँ त्योहार केवल औपचारिक आयोजन नहीं होंगे, बल्कि सामूहिक उल्लास और परंपरा का जीवंत रूप होंगे। जब किसी घर में शादी होगी तो पूरा गाँव उसकी तैयारी में शामिल होगा। मेलों और उत्सवों में लोकगीत गूँजेंगे, नृत्य होगा और लोगों के बीच आपसी स्नेह का वातावरण बनेगा। यहाँ मनोरंजन किसी स्क्रीन पर चलने वाले कार्यक्रमों से नहीं, बल्कि सामूहिक अनुभवों से मिलेगा। लोग मिलकर गाएँगे, कहानियाँ सुनाएँगे और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेंगे। इस वातावरण में अकेलापन कम होगा, क्योंकि हर व्यक्ति खुद को समुदाय का अभिन्न हिस्सा महसूस करेगा।

फिर भी यह गाँव अज्ञान या पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं होगा। यहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की महत्ता को पूरी तरह समझा जाएगा। लोग नई खोजों और विचारों के प्रति खुले रहेंगे, लेकिन वे यह भी समझेंगे कि तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल बनाना है, उसे नियंत्रित करना नहीं। इसलिए इस गाँव के लोग अपने जीवन में एक संतुलन बनाए रखेंगे। वे यह स्वीकार करेंगे कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन हो सकता है, परंतु जब वही साधन मनुष्य के समय, ध्यान और मानसिक शांति को छीनने लगे, तब उससे दूरी बनाना भी बुद्धिमानी है। जब पूरी दुनिया तेज़ तकनीक और इंटरनेट के जाल में उलझी होगी, तब कहीं एक ऐसा गाँव भी होगा जो इस डिजिटल बंधन से मुक्त रहेगा। यह विचार हमें गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करता है कि प्रगति का वास्तविक अर्थ क्या है। क्या विकास केवल उन्नत तकनीक और हर पल जुड़े रहने वाली आभासी दुनिया में ही सीमित है, या वह जीवन भी उतना ही मूल्यवान है जिसमें मनुष्य अपने रिश्तों, संवेदनाओं और प्रकृति से गहराई से जुड़ा रहता है। ऐसा गाँव यह संदेश देगा कि आगे बढ़ने का अर्थ अपनी सरलता और मानवीय मूल्यों को खो देना नहीं है। इंटरनेट के बिना भी यह स्थान सिद्ध करेगा कि जीवन की सच्ची शक्ति आज भी मनुष्य के हृदय, उसकी करुणा और आपसी विश्वास में ही निहित है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# मन की पावनता और गुणों का महत्व मानव जीवन की सच्ची संपदा

मानव जीवन का वास्तविक मूल्य बाहरी वैभव, धन-संपत्ति या शक्ति से नहीं, बल्कि उसके भीतर विद्यमान गुणों से तय होता है। इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि संसार में अनेक शक्तिशाली शासक और आक्रान्ता हुए जिन्होंने अपनी ताकत के बल पर देशों को रौंदा, लोगों पर अत्याचार किए और भय का वातावरण बनाया। भारत की भूमि भी ऐसे आक्रमणों से अछूती नहीं रही। इतिहास के पन्नों में जब हम मोहम्मद गजनवी, मोहम्मद गोरी, नादिरशाह और तैमूरलंग जैसे आक्रांताओं के क्रूरतापूर्ण कार्यों को पढ़ते हैं, तो मन सिहर उठता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि कभी-कभी ऐसे क्रूर व्यक्तियों के जीवन से भी ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं, जो हमें जीवन के गहरे सत्य की सीख दे जाती हैं। तैमूरलंग के जीवन का एक प्रसंग इस सत्य को उजागर करता है। एक बार उसने दो मजबूत गुलामों को खरीदा और अपने दरबार में कवि अहमदी से उनकी कीमत पूछी। कवि ने मुस्कराकर कहा कि इनकी कीमत पाँच टके होगी। तैमूरलंग को यह सुनकर बहुत क्रोध आया, क्योंकि उसने उन्हें चार हजार अशर्फियों में खरीदा था। जब उसने अपनी कीमत पूछी तो कवि ने उसे दो टके बताया। यह सुनकर वह क्रोधित हो उठा, पर कवि ने शांत स्वर में कहा कि जो व्यक्ति अपनी बुराइयों का सामना नहीं कर सकता, वह दूसरों से भी कम मूल्य का होता है। यह बात सुनकर तैमूरलंग मौन हो गया। यह छोटी सी घटना हमें यह समझाती है कि मनुष्य का असली मूल्य उसके गुणों और उसके चरित्र से होता है, न कि बाहरी शक्ति से। संसार में गुणों का महत्व सर्वोपरि है। जिस वृक्ष पर फल, फूल और पत्ते नहीं होते, उसका कोई विशेष महत्व नहीं होता। उसी प्रकार बाँझ गाय भी किसी के लिए उपयोगी नहीं मानी जाती। ठीक इसी तरह यदि मनुष्य के जीवन में गुणों का अभाव हो जाए तो उसका जीवन भी निरर्थक हो जाता है। मनुष्य की आत्मा को मूल्यवान बनाने के लिए सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र का होना आवश्यक है। यह तीनों तत्व जीवन को ऊँचा उठाते हैं और आत्मा को श्रेष्ठ बनाते हैं।

मनुष्य के जीवन की तुलना उस पक्षी से की जा सकती है जिसके पास उड़ने के लिए पंख होते हैं। यदि पक्षी के पंख ही न हों तो वह आकाश में उड़ान नहीं भर सकता। इसी प्रकार जीवन में यदि सही विचार और सही आचरण के पंख न हों तो मनुष्य भी आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक नहीं पहुँच सकता। जीवन की सफलता के लिए आत्मानुशासन और सद्गुणों का विकास अत्यंत आवश्यक है।

जीवन में गुणों का महत्व समझाने के लिए एक और उदाहरण दिया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति कुआँ खोदता जाए लेकिन उसमें पानी ही न निकले तो उसका सारा परिश्रम व्यर्थ हो जाता है। उसी प्रकार यदि कोई मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक लंबा जीवन जी ले, लेकिन उस जीवन में धर्म, सदाचार और आत्मचिंतन न हो, तो उसका जीवन भी बिना पानी के कुएँ के समान ही होता है। पानी के कारण ही कुएँ का अस्तित्व सार्थक होता है, उसी तरह गुणों के कारण ही मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है।

आज का समय एक ऐसी विडंबना प्रस्तुत करता है जहाँ भौतिक प्रगति तो बहुत हो रही है, लेकिन मानवीय गुणों में कमी दिखाई दे रही है। मनुष्य तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ता जा रहा है, परंतु उसके भीतर की मानवता कहीं कमजोर पड़ती जा रही है। यही कारण है कि आज समाज में स्वार्थ, छल-कपट, हिंसा और ईर्ष्या जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ती दिखाई देती हैं। जब मानवता कमजोर पड़ती है तो दानवता सिर उठाने लगती है। इसलिए आज के समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि मनुष्य अपने भीतर झाँककर अपने गुणों को विकसित करे।

मानवीय गुण धीरे-धीरे विकसित होते हैं। जैसे एक-एक ईट जोड़कर मंदिर का निर्माण होता है, वैसे ही एक-एक सद्गुण को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को महान बना सकता है। सत्य, करुणा, दया, सहिष्णुता, संयम और विनम्रता जैसे गुण मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं। इन गुणों को अपनाने से जीवन में स्थायी सुख और शांति प्राप्त होती है।

गुणों की प्राप्ति के लिए स्वाध्याय का बहुत महत्व है। अच्छे ग्रंथों का अध्ययन और महापुरुषों की वाणी का श्रवण मनुष्य के विचारों को पवित्र बनाता है। महान चिंतकों ने भी पुस्तकों के महत्व को स्वीकार किया है। एक बार प्रसिद्ध विचारक इमर्सन से किसी ने पूछा कि यदि उन्हें स्वर्ग जाने का अवसर मिले तो वे क्या तैयारी करेंगे। उन्होंने उत्तर दिया कि वे अपनी सारी पुस्तकें साथ ले जाएंगे ताकि वहाँ भी उनका समय ज्ञान अर्जित करने में लगे। यह कथन बताता है कि ज्ञान और स्वाध्याय मनुष्य के जीवन को ऊँचा उठाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं।

मानव जीवन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि मनुष्य को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए। समय किसी का इंतजार नहीं करता। जो व्यक्ति समय रहते अपने जीवन को सुधार लेता है वही महान बनता है। इसलिए मनुष्य को अपना समय परनिंदा, आलस्य और व्यर्थ की बातों में नष्ट नहीं करना चाहिए। संत तुलसीदास ने भी कहा है कि परनिंदा के समान बड़ा पाप कोई नहीं है। सच्चा मनुष्य वही है जो अपने समय को ज्ञान, साधना और सद्गुणों के विकास में लगाता है। मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं है। धन, वैभव और ऐश्वर्य क्षणभंगुर होते हैं। इनसे स्थायी सुख प्राप्त नहीं होता। वास्तविक सुख आत्मिक शांति में होता है। जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर अपने आत्मस्वरूप को पहचानता है तब उसे सच्चा आनंद मिलता है। यही आत्मिक सुख जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मनुष्य को यह भी समझना चाहिए कि उसका मन ही उसके जीवन का सबसे बड़ा साधन है। यदि मन शुद्ध और शांत रहेगा तो जीवन भी सुखी और शांत रहेगा। लेकिन यदि मन में बुरे विचार और नकारात्मक भाव भर जाएँ तो जीवन अशांत हो जाता है। इसलिए मन की शुद्धि अत्यंत आवश्यक है।

मन को शुद्ध रखने के लिए आत्मानुशासन जरूरी है। प्राचीन ऋषियों और मुनियों ने मन और आत्मा की शुद्धि के लिए अनेक मार्ग बताए हैं। उन्होंने कहा है कि मनुष्य को अशुभ भावों को त्यागकर शुभ भावों को अपनाना चाहिए। क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे दोष मन को अशांत बनाते हैं, जबकि दया, क्षमा और प्रेम जैसे गुण मन को पवित्र बनाते हैं।

मन की शुद्धि को समझाने के लिए एक रोचक उदाहरण दिया जाता है। एक व्यक्ति नदी में स्नान करने के बाद माला जप रहा था। उसके सामने एक फकीर भी माला फेर रहा था, लेकिन वह माला को उलटी दिशा में फेर रहा था। जब उस व्यक्ति ने इसका कारण पूछा तो फकीर ने कहा कि जब वह दुनिया की अच्छाइयों को अपने भीतर ग्रहण करता है तो माला को अंदर की ओर फेरता है और जब वह अपने मन की बुराइयों को बाहर निकालना चाहता है तो माला को बाहर की ओर फेरता है। इस उदाहरण का अर्थ यह है कि मनुष्य को जीवन की अच्छाइयों को अपने भीतर उतारना चाहिए और बुराइयों को बाहर निकाल देना चाहिए।

अंततः यही कहा जा सकता है कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक बनता है जब वह अपने भीतर के गुणों को विकसित करता है। बाहरी उपलब्धियाँ क्षणिक होती हैं, परंतु अच्छे गुण मनुष्य को सदा महान बनाते हैं। यदि मनुष्य अपने जीवन में अच्छाइयों को अपनाए और बुराइयों को त्याग दे, तो उसका जीवन वास्तव में पवित्र और सफल बन सकता है। यही मन की पावनता और गुणों की महत्ता का वास्तविक संदेश है।

**कांतिलाल मांडोत**

# मानवता और संवेदना से भरा न्याय...

हम सभी जानते हैं कि जीवन केवल सांसों का चलना नहीं है। जीवन का असली अर्थ है चेतना, सम्मान और गरिमा। एक मां-बाप के लिए सबसे बड़ा दर्द अपने बच्चे को खोना और उससे भी बड़ा दर्द है उसे वर्षों से पीड़ा में अचेत बने देखना। उससे भी ज्यादा पीड़ा, दर्द हरीश राणा के केस में हम समझ सकते हैं। कभी-कभी सबसे बड़ा प्रेम किसी को पकड़कर रखने में नहीं, बल्कि उसकी पीड़ा को समझने में होता है और दूसरी तरफ न्याय की असली शक्ति तब दिखाई देती है जब कानून के साथ करुणा भी खड़ी हो। हरीश राणा के ि?लए अदालत में केवल एक फैसला नहीं हुआ, बल्कि मानवता और संवेदना की एक नई मिसाल बनी, क्योंकि समाज तभी महान बनता है जब हम दूसरों के दर्द को महसूस करना सीखते हैं। हरीश राणा का मामला हमें यही सिखाता है कि न्याय केवल कानून से नहीं, बल्कि मानवता और संवेदना से भी होता है।

हरीश राणा एक युवा थे, उनके भी सपने थे, उनका भी भविष्य था और उनके माता-पिता की बहुत सारी उम्मीदें थीं लेकिन एक दुर्घटना ने उनकी जिन्दगी को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया जहां वे वर्षों तक कोमा की स्थिति में पड़े रहे। उनका शरीर जीवित था लेकिन जीवन की चेतना जैसे कहीं खो गई थी। सोचिये उस मां की स्थिति कैसी होगी जो हर दिन अपने बेटे के पास बैठती होगी और यह उम्मीद करती होगी कि शायद वो किसी समय आंखें खोल दे और उस पिता का क्या जिसने अपने बेटे के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया और उस भाई को नमन जो अपने भाई की सेवा कर रहा था, काम पर भी जा रहा था। माता-पिता, भाई ने इलाज, सेवा में कोई कमी नहीं रखी। हरीश की पहले की फोटो और अब की फोटो देखकर दिल रो पड़ता है। सोचो कि एक मां-बाप के ि?लए इससे बड़ा दर्द क्या हो सकता है कि उन्हें अपने ही बेटे के बारे में अदालत से कहना पड़ा कि उसे इस पीड़ा से मुक्ति दी जाए। यह एक कानूनी याचिका नहीं थी, वह एक मां-बाप के टूटे हुए दिल की पुकार थी। जज के सामने भी एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी। उनके सामने केवल कानून की किताब नहीं थी, उनके सामने एक परिवार का दर्द भी था। जज को भी जजमेंट देने के लिए बड़ा दिल करना पड़ा। उनके ि?लए यानि जज के लिए जीवन की रक्षा करना भी जरूरी है और साथ ही मानव गरिमा का सम्मान करना भी उतना जरूरी है। ऐसे मामलों में निर्णय लेना बहुत आसान नहीं होता, क्योंकि अदालत का हर फैसला समाज के लिए एक उदाहरण बन जाता है। बहुत गहराई से सोचो, डॉक्टरों की रिपोर्ट देखने और कानूनी सिद्धांतों को समझने के बाद अदालत ने निर्णय लिया, क्योंकि यह निर्णय सिर्फ कानून का ही नहीं बल्कि संवेदना और करुणा से भरा हुआ है। कहते हैं जज भी बड़े भावुक थे और एक की आंखों में आंसू थे। मेरा यह सब लिखते भी दिल कांप रहा है। हरीश के पिता की भावुकता से भरी स्टेटमेंट देखी तो वो भी बड़ी भावुक करने वाली थी। हे ईश्वर ऐसा दिन किसी दुश्मन को भी न दिखाये।

जस्टिस पारदीवाला फैसला सुनाते वक्त भावुक हो उठे। उन्होंने अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।' उन्होंने विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक हेलमेट की पंक्ति 'To be or not to be' का भी जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों को कई बार इसी तरह के प्रश्नों के संदर्भ में 'मरने के अधिकार' पर विचार करना पड़ता है। लाइफ सपोर्ट हटाने का निर्णय दो आधारों पर होना चाहिए- यह हस्तक्षेप चिकित्सा उपचार की श्रेणी में आता हो। यह मरीज के सर्वोत्तम हित में हो। अदालत ने यह भी कहा कि डॉक्टर का कर्त्तव्य मरीज का इलाज करना है लेकिन जब मरीज के ठीक होने की कोई संभावना न हो तो यह कर्त्तव्य उसी रूप में कायम नहीं रहता।

मेरा भारी मन कह रहा है कि इस उदाहरणीय फैसले के बाद लिविंग विल की चर्चा बढ़ी है और लिविंग विल वह दस्तावेज है जिसमें व्यक्ति पहले से लिख सकता है कि यदि भविष्य में असाध्य बीमारी से पीड़ित हो जाए तो उसे लाइफ सपोर्ट पर न रखा जाए इससे व्यक्ति की इच्छाओं का सम्मान किया जा सकता है। सच तो यह है कि इसके साथ ही अब सामाजिक और नैतिक बहस छिड़ गई है। देहदान के उनके उदाहरण भी अदालतों में भरे पड़े हैं लेकिन हरीश राणा केस ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को स्पष्ट कानून बनाने की वकालत भी की है। मेरा मानना है कि हरीश राणा का केस भारतीय इंसाफ के मंदिर में एक मील का पत्थर साबित होगा। जीवन का अधिकार जीने के साथ-साथ अगर मौत की बात करें तो वह गरिमापूर्ण तरीके से होनी चाहिए, यह फैसला इच्छा मृत्यु के लिए एक नजीर बनेगा और मानवता के आधार पर हमारे न्याय के मंदिर के पुजारियों को इस कलम का बार-बार सलाम है। मैं ऐसे न्यायधीशों और माता-पिता को बड़े दिल से नमन करती हूं।

# संपादकीय

## सोनम वांगचुक और लद्दाख के स्वायत्तता का भविष्य

केंद्र सरकार ने हाल ही में लद्दाख के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जोधपुर जेल में 170 दिनों की हिरासत के बाद उनकी रिहाई ने न केवल लद्दाख के आंदोलन को नई ऊर्जा दी है, बल्कि पूरे क्षेत्र के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर गहन बहस छेड़ दी है। यह घटना 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसक घटना से जुड़ी है, जहां राज्य hood की मांग को लेकर प्रदर्शन भड़क उठे थे और चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की रिहाई केंद्र और स्थानीय आंदोलनकारियों के बीच संवाद की संभावना को मजबूत करती दिखती है, लेकिन लद्दाख की लंबे समय से चली आ रही मांगें पूर्ण राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल होना, अलग लोक सेवा आयोग और संसदीय सीटें अभी भी अनसुलझी हैं।

इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर देखना होगा। सोनम वांगचुक कोई पेशेवर राजनेता नहीं रहे हैं, बल्कि उनकी पहचान एक ऐसे नवप्रवर्तक और शिक्षा सुधारक की रही है जिसने लद्दाख की बंजर भूमि पर 'आइस स्टूपा' जैसे कृत्रिम हिमनद बनाकर दुनिया को जल संरक्षण का एक नया रास्ता दिखाया। 1966 में जन्मे इस इंजीनियर ने लद्दाख की कठिन भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच शिक्षा क्रांति ला दी। 1988 में उन्होंने स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (SECMOL) की स्थापना की, जो स्थानीय भाषा-संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रदान करता है। यह कैंपस पूरी तरह सौर ऊर्जा पर चलता है और जीवाश्म ईंधन से मुक्त है, जो वांगचुक की पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने आइस स्टूपा–कृत्रिम हिमनद–का आविष्कार किया, जो सूखाग्रस्त इलाकों में पानी संरक्षण का अनूठा तरीका है। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता वांगचुक को फिल्म '3 इडियट्स' के फुंसुक वांगडू किरदार के लिए भी जाना जाता है। लेकिन 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के बाद लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बनने पर उनकी भूमिका बदल गई। अनुच्छेद 370 और 35 के खात्मे से स्थानीय लोग अपनी भूमि, नौकरियों और सांस्कृतिक पहचान पर खतरे की घंटी बजा रहे थे। वांगचुक ने तब से शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया अनशन, पदयात्रा और दिल्ली मार्च–जिसमें लेह एपेक्स बॉडी (LAB) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (KDA) उनके साथ थे। सितंबर 2025 का वह दिन लद्दाख के आधुनिक इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाएगा, जब लेह की सड़कों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर हजारों की भीड़ जब प्रशासन से टकराई, तो हुई हिंसा में चार जानें चली गईं। यह वह बिंदु था जहाँ से सरकार ने अपनी रणनीति बदली और सोनम वांगचुक को इस अशांति का सूत्रधार मानते हुए उन पर एनएसए लगा दिया गया। किसी ऐसे व्यक्ति पर, जिसने जीवन भर अहिंसा और गांधीवादी मूल्यों का प्रचार किया हो, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने का आरोप लगाना पूरे देश में बहस का विषय बन गया। जोधपुर जेल की कालकोठरी में बिताए गए उनके 170 दिन लद्दाख के लोगों के लिए एक भावनात्मक घाव बन गए, जिसने आंदोलन को और अधिक संगठित और धारदार बना दिया।

लद्दाख का मुद्दा केवल राजनीतिक अधिकारों तक सीमित नहीं है, इसके पीछे छिपी है वह पर्यावरणीय चिंता जो पूरे भारतीय उपमहाद्वीप के भविष्य को प्रभावित कर सकती है। हिमालय जिसे 'तीसरा ध्रुव' कहा जाता है, आज जलवायु परिवर्तन की मार सबसे ज्यादा झेल रहा है। वांगचुक का तर्क हमेशा से यह रहा है कि यदि लद्दाख को संवैधानिक सुरक्षा नहीं मिली, तो यहाँ होने वाला अनियंत्रित औद्योगिक विस्तार और अंधाधुंध पर्यटन यहाँ के ग्लेशियरों को निगल जाएगा। यह एक विडंबना ही है कि जो व्यक्ति देश के जल स्रोतों को बचाने की गुहार लगा रहा था, उसे ही 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के लिए खतरा घोषित कर दिया गया। जबकि सच तो यह है कि हिमालय की सुरक्षा ही भारत की वास्तविक सुरक्षा है। यदि ये पहाड़ और उनकी नदियाँ सूख गईं, तो मैदानों की खुशहाली स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। रणनीतिक दृष्टि से भी लद्दाख का महत्व सर्वोपरि है। चीन और पाकिस्तान के साथ सटी सीमाओं के कारण यह क्षेत्र हमेशा से सैन्य गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहाँ भारतीय सेना की विशाल उपस्थिति है और बुनियादी ढांचे का विकास राष्ट्रहित में आवश्यक है। लेकिन क्या यह विकास स्थानीय लोगों की सहमति और उनकी संस्कृति की कीमत पर होना चाहिए? वांगचुक और उनके समर्थक इसी संतुलन की मांग कर रहे हैं। वे सेना के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे चाहते हैं कि लद्दाख का विकास 'दिल्ली मॉडल' पर नहीं बल्कि 'लद्दाख मॉडल' पर हो, जहाँ भूमि और संसाधनों पर पहला हक वहां के मूल निवासियों का हो। पूर्व सैनिकों और स्थानीय युवाओं का इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना यह दर्शाता है कि यहाँ देशभक्ति और क्षेत्रीय पहचान एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक हैं।

मार्च 2026 में उनकी रिहाई के पीछे कई कारण हो सकते हैं। शायद सरकार ने यह महसूस किया कि लद्दाख जैसे संवेदनशील क्षेत्र में जनता का असंतोष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुँचा सकता है, या फिर यह आने वाले समय में होने वाली किसी बड़ी वार्ता की पूर्वपीठिका है। जो भी हो, इस रिहाई ने लद्दाख के जनमानस में एक नई ऊर्जा भर दी है। अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकार केवल रिहाई तक सीमित रहेगी या वह उन मूल मांगों पर भी विचार करेगी जिनके लिए यह सारा संघर्ष शुरू हुआ था? छठी अनुसूची में शामिल होने का मतलब केवल आरक्षण नहीं है, बल्कि यह उस गौरव और स्वाभिमान की सुरक्षा है जो लद्दाख के लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ता है।

सोनम वांगचुक की जेल यात्रा ने उन्हें एक क्षेत्रीय नेता से ऊपर उठाकर एक राष्ट्रीय प्रतीक बना दिया है। आज देश का युवा वर्ग उन्हें एक ऐसे नायक के रूप में देख रहा है जो सत्ता के सामने सच बोलने का साहस रखता है। उनकी रिहाई के बाद लेह और कारगिल की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि वे अब केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार बन चुके हैं। यह विचार है पर्यावरण आधारित विकास और लोकतांत्रिक स्वायत्तता का। सरकार के लिए भी यह एक अवसर है कि वह लद्दाख के साथ अपने संबंधों को पुनः परिभाषित करे। दमन के बजाय विश्वास बहाली के उपाय ही इस सीमावर्ती क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित कर सकते हैं। अंततः, यह घटनाक्रम हमें लोकतंत्र की उस बुनियादी ताकत की याद दिलाता है जहाँ असहमति की आवाज़ को दबाने के हर प्रयास के बाद वह और अधिक मजबूती से उभरती है। लद्दाख की बर्फीली हवाओं में अब जो गर्माहट महसूस की जा रही है, वह किसी बदले की नहीं बल्कि अपने हक़ की है। सोनम वांगचुक का बाहर आना संवाद के बंद पड़े दरवाजों को फिर से खोलने की एक कोशिश है। यदि अब भी सही दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाला समय और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लद्दाख के इस संघर्ष ने पूरे देश को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम विकास की दौड़ में अपनी पहचान और प्रकृति को पीछे छोड़ने के लिए तैयार हैं? वांगचुक की रिहाई इस लंबे संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि उस नए अध्याय की प्रस्तावना है जिसमें हिमालय की सुरक्षा और लद्दाख के अधिकारों की इबारत लिखी जानी अभी बाकी है।

**महेन्द्र तिवारी**

# ग्लोबल वार्मिंग नए तेवर में, धरती की उष्णता और तीव्रता से बढ़ेगी

ग्लोबल वार्मिंग या धरती की उष्णता की जब भी कहीं चर्चा होती है तो यह निश्चित तौर पर अमेरिका,इंग्लैंड और तमाम यूरोपीय देश जिसमें फ्रां,इटली,कनाडा इजरायल ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड तथा पश्चिम एशिया के धनवान देश में इस्तेमाल की जा रही ऊर्जा के कारण जहां वातानुकूलित मशीने, कल कारखाने, मोटर वाहन एवं अन्य ऐसी मशीने जिनसे कार्बन डाइऑक्साइड एवं दूषित हवा वायुमंडल में फैलती है ही बड़े जिम्मेदार होते हैं और इसका खामियाजा दक्षिण एशिया दक्षिण अफ्रीका और छोटे-छोटे देश को उठाना पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग के उपाय के लिए आयोजित बड़े-बड़े सम्मेलनों में यही बड़े देश अपनी जिम्मेदारी छोटे-छोटे देश पर डालकर निवृत्ति हो जाते हैं। जबकि सारा किया कराया इन्हीं देशों का होता है और छोटे-छोटे देश को इसके लिए नियमन पालन की जिम्मेदारी सौंप जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैद्य इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फ़ीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कांशीराम की जयंती पर किया नमन



**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांशीराम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष श्री मल्ल ने कहा कि कांशीराम ने गरीबों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका मानना था कि संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचितों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जब तक सत्ता में भागीदारी नहीं होगी, तब तक न्याय संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी प्रतिबद्ध थी और आगे भी रहेगी। कार्यक्रम में वरुण राय, जयप्रकाश धनगर, भरत मणि त्रिपाठी, दीनदयाल यादव, सुभाष राय, जुलेखा खातून, संजीव कुमार मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, चन्दन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, रत्नेश मल्ल पिंटू, मिर्जा खुर्शीद अहमद, रीता देवी, पन्नालाल पाठक, दीनदयाल प्रसाद, रमेश कुशवाहा, चन्द्रभान गुप्ता, राजकुमार यादव, गंगा कुशवाहा, निर्मला वर्मा, तिजा देवी, एडवोकेट राकेश पाठक, डॉ. सी.पी. चौहान, प्रेमलाल भारतीय, कमलेश मिश्रा, जयराम उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बोलेरो-ट्रक की टक्कर में पिता-पुत्र समेत दो बच्चियां घायल



**खड्डा, कुशीनगर।** रामकोला-सिंगहा रोड पर फरना ईट भट्ठे के पास शनिवार देर रात करीब 2 बजे बोलेरो और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बोलेरो सवार एक ही परिवार के पिता-पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार खड्डा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 शास्त्रीनगर निवासी मेहंदी हसन अपने पुत्र झब्बु, झब्बु की एक पुत्री तथा अपने छोटे भाई की एक पुत्री के साथ निजी बोलेरो यूपी 57 पी 9701 से रामकोला में रिश्तेदार से मिलने गए थे। देर रात करीब 2 बजे घर लौटते समय फरना ईट भट्ठे के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी बोलेरो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में मेहंदी हसन, उनके पुत्र झब्बु, झब्बु की एक पुत्री तथा छोटे भाई की एक छोटी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए गोरखपुर के न्यूरो राजवंशी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रामकोला पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### बी.एड. छात्राध्यापकों ने किया योगाभ्यास, स्वास्थ्य के प्रति हुए जागरूक

**देवरिया।** परमहंस बबुआ जी ग्रुप ऑफ कॉलेज, पिंडी देवरिया में बी.एड. छात्राध्यापकों ने अपने विषय से जुड़े योग प्रोजेक्ट के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राध्यापकों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डी.के. सिंह ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास व्यक्ति की दिनचर्या को संतुलित बनाता है। इससे तन, मन और जीवन के विभिन्न पक्षों पर नियंत्रण स्थापित होता है। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता भी बढ़ाता है, जो अध्ययन और अध्यापन दोनों के लिए आवश्यक है। प्रोफेसर नितिन मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन पढ़ाई और कार्य में पूरी तरह से लग सकेगा। इसलिए योग को जीवन का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए। इस दौरान जिले के अनुभवी योग विशेषज्ञ डॉ. पिन्टू लाल यादव ने सभी छात्राध्यापकों और महाविद्यालय परिवार को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के महत्व और इसके नियमित अभ्यास से होने वाले लाभों की भी जानकारी दी। योगाभ्यास कार्यक्रम में विनय कुमार पांडेय, सर्वेश्वर, विकास चौहान, सुधीर साहनी, दीपक कुमार राम, आलोक यादव, अभय कुमार यादव, आकृति, मानसी सिंह, अंकिता, उम्मी फातिमा सहित अन्य छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

# पिपराइच में हुए युवती के संदिध हत्या में पिता बना बेटी का कातिल, 28 घण्टे में पुलिस का खुलासा

### ●बेटी की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार, निशानदेही पर हंसिया बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के सिंहोरिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक युवती की मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पारिवारिक विवाद में पिता ने ही अपनी बेटी की पिटाई कर दी थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हंसिया भी बरामद कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी चौरी-चौरा के पर्यवेक्षण में पिपराइच पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी कमलेश पुत्र रामबृक्ष निवासी ग्राम सिंहोरिया थाना पिपराइच को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 13 मार्च 2026 को थाना पिपराइच क्षेत्र के सिंहोरिया गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। मृतका की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनकी बेटी गिरने से घायल हो गई थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने नियमानुसार पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई तथा मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की। विवेचना में सामने आया कि युवती का किसी लड़के से बातचीत को लेकर उसके पिता से अक्सर विवाद होता रहता था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर पिता-पुत्री के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान पिता कमलेश ने गुस्से में आकर अपनी बेटी के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे गंभीर चोट लग गई। बाद में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 123/2026 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक हंसिया भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रमेश कुमार साहनी, कांस्टेबल संदीप कुमार तथा कांस्टेबल चंदन सिंह शामिल रहे।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 और 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना महुआडीह की मिशन शक्ति टीम की महिला आरक्षी रोहिणी राय व महिला होमगार्ड तारा पांडेय ने ग्राम सेखौना में महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं थाना खामपार की टीम ने ग्राम खामपार में बालिकाओं को डायल-112, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एंबुलेंस-108 व साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा सभी थानों की एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीमों ने सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों पर पंपलेट वितरित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

## मिड-डे-मील बाधित न हो, इसके लिए स्कूलों को मिला गैस सिलेंडर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां /गोरखपुर ।** परिषदीय विद्यालयों में संचालित मिड-डे-मील योजना को किसी भी स्थिति में बाधित न होने देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में पिपरौली संकुल के 15 विद्यालयों को मां वैष्णवी ग्रामीण वितरण एजेंसी, पिपरौली से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया है, जिससे विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन का संचालन सुचारु रूप से जारी रह सकेगा। बताया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए विद्यालयों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा गया था। शासनादेश के अनुसार विद्यालयों को गैस सिलेंडर निर्बाध रूप से उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते गैस आपूर्ति प्रभावित होने से कुछ स्कूलों को सिलेंडर मिलने में



दिक्कत आ रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने सभी बीईओ को संबंधित गैस एजेंसियों से समन्वय कर तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी पिपरौली देवी प्रसाद दूबे ने बताया कि जिला पूर्ति कार्यालय के सहयोग से वैष्णवी ग्रामीण वितरण एजेंसी पिपरौली से गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए गए हैं। इससे अब विद्यालयों में मिड-डे-मील योजना प्रभावित नहीं होगी। बीएसए की इस पहल पर शिक्षक शिवेंद्र प्रताप उपाध्याय, हरवेश गुप्ता, दिनेश सिंह, विजय त्रिपाठी, राकेश गिरी और अजय श्रीवास्तव समेत कई शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# गोरखपुर में फर्जी ट्रेडिंग ऐप से हुई ठगी, चिलुआताल पुलिस ने दिलाए 57,310 वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामलों के बीच चिलुआताल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए ठगी का शिकार हुए युवक के खाते से निकले 57,310 रुपये पुलिस ने वापस दिला दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित और उसके परिवार ने राहत की सांस ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज के पर्यवेक्षण में थाना चिलुआताल की टीम ने त्वरित कदम उठाते हुए पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित नितेश यादव ने थाना चिलुआताल में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि साइबर



अपराधियों ने उसे ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर उसके मोबाइल में एक फर्जी एपीके (APK) एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा दिया। एप इंस्टॉल होने के बाद उसी के माध्यम से उसके बैंक खाते से कुल ?57,310 रुपये निकाल लिए गए।

कुछ समय बाद जब नितेश यादव को अपने खाते से पैसे कटने की जानकारी हुई तो उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। इसके बाद वह तुरंत थाना चिलुआताल पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। शिकायत मिलते ही थाना चिलुआताल की साइबर सेल टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित बैंक खातों को ट्रेस किया और धनराशि को होल्ड कराया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर पूरी रकम 57,310 पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को लालच देकर फर्जी एप इंस्टॉल कराकर बैंक खातों से पैसे निकालने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों में सतर्कता बेहद जरूरी है। किसी भी अनजान लिंक, एप या कॉल पर भरोसा न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें। इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष सूरज सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, साइबर नोडल उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द पाण्डेय, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी अविराम तथा आरक्षी सत्येंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# जमीनी विवाद पर घर में घुसकर हमला, 4 घायल रेफर

### ●लाठी-डंडों और पिस्टल से लैस हमलावरों ने की फायरिंग

### मामले में थाना प्रभारी निलंबित, सीओ पर जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर –** जमीनी विवाद को लेकर रविवार को एक घर में हमला किया गया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अंबेडकर नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू की। यह घटना अखंड नगर थानाक्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि लाठी-डंडों और पिस्टल से लैस हमलावरों ने घर में घुसकर जमकर बवाल मचाया। इस दौरान खुलेआम फायरिंग भी की गई, जिसमें पीड़ित परिवार के एक सदस्य को गोली लगी है। कल्याणपुर गांव निवासी सुरेश यादव का अपने पट्टीदारों संजीत यादव और आनंद यादव सहित अन्य लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। शनिवार, 14 मार्च को भी विपक्षी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोगों के साथ मौके पर पहुंचे थे और जमीन कब्जाने का प्रयास किया था। पीड़ित सुरेश यादव ने इस संबंध में अखंड नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते रविवार को विपक्षी दोबारा पूरे दल-बल के साथ पहुंचे और घर में घुसकर हमला कर दिया। घायलों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पड़ोसी जनपद अंबेडकर नगर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गोली लगने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे

इस हमले में विपुल यादव (16, पुत्र सुरेश यादव, सिर में चोट), सोभावती (50, पत्नी चंद्रजीत यादव), कमलेश (42, पुत्र सुरेश यादव, सिर में चोट), रोशनी (25, पुत्री चंद्रजीत), संजय यादव (31, पुत्र चंद्रजीत यादव) और प्रैंकुर यादव (12, पुत्र चंद्रजीत यादव) घायल हुए हैं। मामले में घटना का संज्ञान पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा लिया गया। प्रकरण में कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारी अखण्डनगर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। साथ ही क्षेत्राधिकारी कादीपुर एवं थाना प्रभारी अखण्डनगर द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने के सम्बन्ध में जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। जांच उपरान्त प्राप्त तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### बिना निमंत्रण के कहीं जाना ठीक नहीं: पं. घनश्यामानंद

**भाटपार रानी, देवरिया।** सलेमपुर कस्बा स्थित संस्कृत पाठशाला परिसर में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन रविवार की रात कथावाचक पं. घनश्यामानंद ओझा ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। जहां जाने से अपने, गुरु या परिजनों के अपमान की आशंका हो, वहां जाने से बचना ही उचित है। सती चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव की बात न मानकर पिता के घर जाने पर सती को अपमान का सामना करना पड़ा और अंततः उन्होंने स्वयं को अग्नि को समर्पित कर दिया। कथावाचक ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद और अजामिल से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए भजन व गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं भजन गायक अमूल्य पांडेय ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर यजमान सुशीला तिवारी, पंडित नागमणि तिवारी, बेबी तिवारी, हैप्पी शुक्ला, प्राचार्य डॉ. दुर्गेश तिवारी, मुन्ना तिवारी, आशुतोष जायसवाल, अशोक, राजेश द्विवेदी, उत्कर्ष तिवारी, संजय तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गैस की कालाबाजारी पर भड़के भाजपा नेता, बंद नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** गैस सिलेंडर की कथित कालाबाजारी और आमजन को हो रही परेशानी को लेकर सोमवार को पडरौना ब्लॉक के भरपटिया ग्राम सभा में एक बृहद चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता पप्पू पांडे ने किया, जिसमें गैस की कालाबाजारी रोकने और आम लोगों को समय पर गैस उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पप्पू पांडे ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन कुछ गैस एजेंसी संचालक गैस को होल्ड कर कालाबाजारी कर रहे हैं और सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी सर्वर खराब होने तो कभी गाड़ी लेट आने का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को गैस नहीं दी जा रही है, जबकि बाद में अधिक दामों पर गैस बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन लगातार गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी दे रहे हैं कि कालाबाजारी तत्काल बंद करें, लेकिन इसके बावजूद भी मनमानी जारी है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस की कालाबाजारी बंद नहीं हुई और आम लोगों को समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई गई तो गैस संचालकों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज, बसंत, अनिल, शंकर, मोहन, मीणा, तेजपत्ति, सुनीता, राजू, कलावती, सिंगारी सहित सैकड़ों ग्रामीण और परिवार मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच टकराव, असलहे का प्रदर्शन; पुलिस ने हथियार बरामद कर शुरू की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद के बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम बिष्टौली बुजुर्ग में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद तूल पकड़ गया। घटना 13 मार्च 2026 की बताई जा रही है, जिसमें कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मामले की जानकारी मिलते ही बेलीपार पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बांसगांव ने बताया कि ग्राम बिष्टौली बुजुर्ग में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर 13 मार्च को दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झड़प में बदल गई। विवाद के दौरान एक पक्ष के सच्चिदानन्द नामक व्यक्ति द्वारा असलहे का प्रदर्शन किए जाने की बात सामने आई। पुलिस को जैसे ही घटना की




सूचना मिली, तत्काल बेलीपार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने सच्चिदानन्द के पास से असलहा बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि असलहे को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी बांसगांव ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। विवाद में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है, ताकि उनके विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जमीन को लेकर हुए इस विवाद की गहन जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि विवाद के दौरान कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास तो नहीं किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं गांव में किसी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

# पुराने विवाद में घर में घुसकर टांगी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर के गीडा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त टांगी भी बरामद कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में गीडा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना गीडा में दर्ज मुकदमा संख्या 117/2026 में धारा 191(2), 333, 115(2), 109, 74, 352,



351(3) और 324(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अविनाश निषाद पुत्र सुभाष निवासी ग्राम सुकलहिया, थाना गीडा जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि पुराने विवाद को लेकर आरोपी और उसके साथियों ने एक राय होकर घर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब घर में मौजूद वादिनी की सास ने इसका विरोध किया तो आरोपी अविनाश निषाद ने टांगी से उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला को गंभीर चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाना गीडा में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की और दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद टांगी भी बरामद की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। गीडा थाना पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# सिद्धार्थनगर में शव को अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या जा रही बस  हाई टेंशन तार से टकराई, एक की मौत, तीन झुलसे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र में रविवार की  दोपहर एक बस हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि  तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। बस शव लेकर अयोध्या जा रही थी। इसी दौरान करौंदा नानकार गांव के पास मां गायत्री इंटर कॉलेज के हाईटेंशन तार की छू गई। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के लखनपारा गांव निवासी राम नरेश का शव लेकर परिजन और ग्रामीण बस से अयोध्या जा रहे थे। रविवार दोपहर करीब दो बजे बस चिल्हिया थाना क्षेत्र के करौंदा नानकार गांव के



पास पहुंची। बताया जाता हैं कि सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन को साइड देने के प्रयास में चालक ने बस को सड़क की पटरी पर उतार दिया।  सड़क से नीचे उतरते ही बस का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार से टकरा गई । तार के संपर्क में आते ही बस में करंट उतर गया, जिससे उसमें सवार यात्री इसकी चपेट में आ गए। घटना में श्याम सुंदर (60) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम आजोर साहनी, जगदीश और बुद्धिसागर  ये तीनों गंभीर रूप से झुलस गए।  घायलों का इलाज माधव  प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है लेकिन  हालत गंभीर बनी हुई है।  प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्ता  ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने हादसे में एक व्यक्ति की मौत और तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि की। मृतक श्याम सुंदर (60) के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला की संदिग्ध मौत, इलाज के दौरान गई जान

### ● परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गांव के पास जंगल की तरफ गई थीं, जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान वजूपुर (निषाद बस्ती) निवासी 55 वर्षीय फूलमती पत्नी पुन्नीलाल निषाद के रूप में हुई है। शनिवार शाम को वह गांव के समीप जंगल की ओर गई थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में कुछ लोगों ने सर्पदंश की आशंका व्यक्त की थी, हालांकि परिजनों ने महिला



की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। हालांकि, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। महिला की मृत्यु के बाद परिवार में शोक का माहौल है। उनके बेटों सुरेश, सुभाष, कपिल और बेटियों रेखा व विनती का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पति पुन्नीलाल मुंबई में मछली पकड़ने का काम करते हैं, जिस कारण उनका तत्काल घर पहुंचना संभव नहीं हो सका। दिल्ली में कार्यरत बेटे कपिल को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। परिजनों ने बीमारी से मौत होने की बात कही और पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसके बाद पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बबौना गांव के पास पिकअप ने साईकिल को मारी टक्कर, दो घायल



**मितौली खीरी।** लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर बबौना गांव के पास पिकअप ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक लड़की और एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेज दिया। लखीमपुर खीरी जनपद मितौली क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर स्थित बबौना गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने साईकिल को टक्कर मार दी जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक लड़का व एक लड़की हैं। घायल लड़की ने अपना नाम काजल मिश्रा तथा घायल लड़के का नाम दिवाकर मिश्र बताया । घायल दोनों भाई बहन हैं तथा पिता का नाम अमरनाथ बताया। दोनों ओलियापुर बल्लीपुर के निवासी हैं तथा कस्ता में परीक्षा देने जा रहे थे। घायलों को स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस बुलवा कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली भेज दिया गया है।

### लालानगर टोल प्लाजा के पास अव्यवस्था से बढ़ रहा हादसों का खतरा

**गोपीगंज ।** स्थानीय राजमार्ग पर स्थित लालानगर टोल प्लाजा के पास यातायात व्यवस्था की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यहां ट्रक और चार पहिया वाहन चालक अक्सर बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। बताया जाता है कि मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों और टोल कर्मचारियों की अनदेखी के कारण यह स्थिति लगातार बनी रहती है। कई बार वाहनों के बीच रास्ता रोकने को लेकर वाहन चालकों में कहासुनी और विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, जिससे मारपीट तक की नौबत आ जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि टोल प्लाजा के आसपास वाहनों को सड़क किनारे व्यवस्थित खड़ा कराया जाए तो दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो सकती है। नागरिकों ने नवागत पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए पतंजलि के जिला प्रभारी रामजी पाल ने मांग की है कि टोल प्लाजा के पास बीच सड़क पर वाहनों को खड़ा करने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### समाजवादी पार्टी ने कांशीराम की 92वीं जयंती पीडीए दिवस के रूप में मनाई




**भदोही।** समाजवादी पार्टी भदोही द्वारा जिला कार्यालय (लोहिया ट्रस्ट) कंसापुर, ज्ञानपुर में कांशीराम की 92वीं जयंती पीडीए दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि कांशीराम सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे, जिन्होंने दलितों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें राजनीतिक रूप से संगठित करने का कार्य किया।गोष्ठी को विधायक जाहिद बेग, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, अंजनी सरोज, राजेन्द्र दुबे और सरिता बिंद ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिलामहासचिव हृदय नारायण प्रजापति ने किया। इस दौरान संतोष यादव, केश नारायण यादव, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ. पवन विश्वकर्मा, महेश पाल, दिलीप पासी, गुलाब पाल, मनोज यादव, कमला महतो, पंचलाल सरोज, राजेश राय, लालजीत दुबे, महेन्द्र गोड, सूबेदार विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, श्यामधर यादव, अच्छेलाल सरोज, रवि यादव, शिवदीप यादव, अंकिता राजपूत, सौरभ यादव, गामा प्रसाद यादव, संदीप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू भी मौजूद रहे।

# महा खुलासा; फर्जी बरसात के विवाद में फिर फंसे लेखपाल भूपेंद्र वर्मा

**● रक्षक ही बने भक्षक लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक के इस खेल में शामिल होने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर/गोला खीरी-** जनपद में राजस्व विभाग के भ्रस्टाचार का एक ऐसा सनसनी खेज मामला सामने आया है।जिसने प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।आम आदमी जिस पटवारी और कानूनगो, तहसील दार पर भरोसा करता है और अपनी पूरी जिन्दगी की कमाई लगाता है ।फिर यदि वही अधिकारी कर्मचारी अगर भू माफिया के साथ मिल जाये तो न्याय की उम्मीद किससे की जाय?

**क्या है पूरा मामला '...........**

तहसील गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत ग्राम सभा हरदुआ निवासी किसान हरीराम पुत्र रजई को सपने में भी अंदाजा नहीं था कि जो जमीन उनके नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कागजात है और वह उसके असली मालिक है उसी जमीन को भू माफियाओं का गिरोह लेखपाल भूपेंद्र और कानूनगो से मिलीभगत करके सुनियोजित तरीके से तैयार किए गए कूटरचित दस्तावेज में उनको मृतक दिखा जाएगा और योजना बद्ध ढंग से स्व निर्मित मृत्यु प्रमाणपत्र और कुटुम्ब रजिस्टर की फर्जी नकल तैयार कर जिसमें पिंकी देवी पत्नी बिंदरपाल मौर्य को उसकी पुत्री दिखाकर फर्जी वरासत भरवा ली जाएगी।और लेखपाल कानूनगो विपक्षी लोगों से भारी रिश्वत लेकर फर्जी वरासत कराने में मदद कर देंगे। तहसील गोला में एक ऐसा ही सनसनी खेज मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां पर तैनात रहे लेखपाल भूपेंद्र द्वारा गांधी छाप काग़ज़ के टुकड़ों की चकाचौंध में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करवाने के नाम पर लाखों की ठगी कर फर्जी वरासत मैं लगाई गई फर्जी जाली रिपोर्ट के मामले सोशल मीडिया से लेकर अखबारी सुर्खियां तक बने हैं। सूत्र बताते हैं कि इससे पहले भी लेखपाल भूपेंद्र वर्मा फर्जी वरासतों के विवादों में घिर चुके हैं। भूमि स्वामी हरीराम पुत्र रजई का आरोप है के लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने अपनी रिपोर्ट में उनको मृतक दिखाते हुए पिंकी पुत्री बिंदरपाल को उनके फर्जी पुत्री दिखाकर लाखों रुपए की ठगी की है जबकि भू स्वामी हरिराम आज भी जीवित हैं। और वह अनुसूचित जाति की उपजाति धोबी बिरादरी से आते हैं जबकि उनकी फर्जी पुत्री बनी पिंकी देवी पत्नी विंटर पाल मौर्य बिरादरी से आती हैं तो फिर वह हरिराम की पुत्री कैसे हो सकती हैं? यक्ष प्रश्न बना हुआ है उपरोक्त फर्जीवाड़े कर लेखपाल भूपेंद्र वर्मा




द्वारा लाखों की कमाई की गई है सूत्र बताते हैं की हरिराम की फर्जी बेटी बनी पिंकी देवी पत्नी बिंदरपाल गैर बिरादरी की बताई जाती है उक्त मामले में आज तक कार्यवाही ना होना सवाल खड़ा करता है और इसे सक्षम हुक्मरानों की घोर लापरवाही कहा जाए या फिर लेखपाल द्वारा की गई कमाई में भागीदारी समझा जाए।

**बड़ा सवाल..........**

यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति के साथ घटित जलसा जी की घटना का नहीं है बल्कि यह सिस्टम में दीमक की तरह लगे भ्रष्टाचार का सबूत है जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ जाए तो आम जनता अपनी जमीन की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें फर्जी विरासतों के विवादों में फंसे लेखपाल भूपेंद्र वर्मा पर आज तक कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक सस्ती को उजागर करता है अब देखना यह है कि क्षेत्र में चर्चित दबंग किस्म लेखपाल भूपेंद्र वर्मा पर कब तक शिकंजा कस पता है जिला प्रशासन?

### सीएमओ ने किया निरीक्षण, गंदगी मिलने पर कार्रवाई

**भदोही।** जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत डेरवा में मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष कुमार चक ने स्वास्थ्य शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में बड़े-बड़े जंगली घास उगे पाए गए तथा बाथरूम भी गंदा मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। लापरवाही पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने फार्मासिस्ट प्रवीण गुप्ता तथा सफाईकर्मी छोटे लाल का मार्च 2026 माह का सात दिन का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके बाद अपराह्न करीब 4:10 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाल नगर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### मामला सिविल कोर्ट में लंबित होने के बावजूद मकान पर कब्जा कराने महानिदेशक पहुंची चौकी कुकुरा पुलिस

**● पीड़ित ने लगाई अपर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** मामला मैलानी थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा का है जहां के काफी ईमानदार और तेज तर्रार चौकी प्रभारी के अजब गजब करना में आए दिन अकबरी सुर्खियां बनते जा रहे हैं सब के सामने न्यायालय की शायद कोई मायने ना रखते हो इसीलिए तो खंजनपुर में मकान का ताला तुड़वाकर विपक्षी गानों को मकान दिलाने पहुंचे थे कुकुर पुलिस चौकी के जांबाज सिपाही विपक्षी गणों से मिल रहे प्रसाद के चलते साहब न्यायालय में पार्टी बनने को तैयार दिखाई पड़ रहे हैं! बताते चलें ग्राम खंजनपुर निवासी राम रतन पुत्र रोशन का एक वाद सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां पेंडिंग है जिसमें अग्रिम सनी तिथि 6 अप्रैल 2026 नियत है उक्तवाद में मकान और जमीन दोनों का वाद चल रहा है इसके बावजूद विपक्षी लोग धन बल के दम पर मैलानी यस एच ओ.और चौकी प्रभारी कुकरा से साठ गांठ कर गरीब आदमी पर पुलिसिया आतंक दिखाकर मकान छोड़ देने की धमकी दी जा रही है और मकान का ताला खोलने का नाजायज दबाव बनाया जा रहा है जब मामला सिविल न्यायालय में लंबित है तो पुलिस को उसमें दखल करने का कोई अधिकार ही नहीं बनता है पुलिसिया उत्पीड़न से आहत वादी मुकदमा राम रतन पुत्र रोशन ने अपर पुलिस अधीक्षक को अपनी व्यथा सुनाई है और न्यायालय में भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर जबरन कब्जा कराए जाने की बात न्यायालय के समक्ष रखने की बात कही गई है।

## आखिर किसके संरक्षण में फल फूल रहा नशा का काला कारोबार

**● क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने 5 में विफल मैलानी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुकुरा खीरी-** थाना मैलानी की पुलिस चौकी कुकुरा क्षेत्र में खुले आम कच्ची शराब का काला कारोबार बेखौफ होते देखा जा रहा है। यहां खुलेआम कच्ची शराब और अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की भारी मात्रा में सप्लाई होती दिखाई पड रहीं हैं। सूत्र बताते हैं कि कुकुरा चौकी क्षेत्र नशा कारोबार का हब बनकर रह गया है लोगों ने बताया ऐसा नहीं है कि इस काले कारोबार की जानकारी कुकुर पुलिस चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी निरीक्षक मैलानी को नहीं है थाना मैलानी प्रभारी को तो कई बार मामले से अवगत कराया जा चुका है लेकिन साहब ने डायरी में नोट कर कार्रवाई का का कोरा आश्वासन देकर चलता कर दिया और फिर शायद वह डायरी का पन्ना ही गायब हो गया और कार्रवाई महज एक जुमला बनकर रह गई जिम्मेदारों के इस गैर जिम्मेदाराना कार्य शैली से जहां क्षेत्र में नशे का काला कारोबार गति पकड़ता जा रहा है और लोगों को इसका दुष्परिणाम झेलना पड़ रहा है यदि समय रहते इस काले कारोबार पर लगाम न लगाई गई तो युवाओं की बड़ी तादाद आसानी से उपलब्ध हो रहे इस नशे के आगोश में समा जाएगी लोगों का कहना है कि बाइकों से नशे की खेप लेकर गांव-गांव और झाला झाला बेचे जा रहे हैं नशीले पदार्थों से कई घर बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं और यही नशे के आदि लोग नशे की तलाश में छुटपुट घटनाओं को अंजाम दे डाल रहे हैं अहम सवाल तो यह है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है जो इस काले कारोबार पर नकेल कसने में चौकी प्रभारी कुकरा द्वारा कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है कई कुकरा वासियों ने नाम न उजागर करने के शर्त पर बताया कि यह सारा खेल सेटिंग गेटिंग के चलते ही हो रहा है ऐसे में कारोबार पर रोक लगा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा लग रहा है अब देखना यह है कि इस अवैध व्यवसाय पर रोक लगाई जाती है या फिर यूं ही खेल जारी रहेगा और सरकार के दावों और वादों की धज्जियां उड़ाई जाती रहेगी।

## 16 मार्च के शैक्षिक भ्रमण के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबादः-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य की सहमति एवं निर्देशन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार के संयोजन में 16 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे आर बी एस इंजीनियरिंग एंड टेक्निकल कॉलेज, बिचपुरी आगरा का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रारम्भ विद्यार्थियों की दो बसों को मुख्य अतिथि ठाकुर जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं इंजीनियर सुमित प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही उनके द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने जनपद के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि अपने विद्यालय के कक्षा 9 एवं 11 तक के चयनित मेधावी छात्र एवं छात्राओं को भ्रमण कार्यक्रम के समय से भेजना सुनिश्चित करें। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक शैक्षिक भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में जनपद के 100 विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ प्रतिभाग करेंगे। जिसमें विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के साथ शोध प्रयोगशालाओं की विस्तृत जानकारी के साथ उन पर व्याख्यान का श्रवण भी करेंगे। जिनमें व्याख्यानकर्ता विज्ञान संचारक डॉ निखिल जैन एवं नेहा अग्रवाल रहेंगे। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

### सीसीएम बैठक में कल टूण्डला आयेंगे मजदूर मसीहा शिवगोपाल मिश्रा



**टूण्डला -** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की सीसीएम बैठक दिनांक 16से 17मार्च को टूण्डला कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगी जिसने दिनांक 16/03/2026 को सुबह 10 बजे काली मंदिर के पास यूनियन कार्यालय से रैली निकाली जाएगी जो वहां से चलकर कमेटी हाल न्यू रेलवे कॉलोनी के लिए रवाना होगी उसके तदउपरांत कमेटी हाल में 11 बजे से मीटिंग शुरु की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि शिवगोपाल मिश्रा और आर डी यादव रहेंगे जिसकी अध्यक्षता आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्रा करेंगे जिसमें प्रयागराज .झांसी. आगरा. मंडल के पदाधिकारीगण सीसी मेंबर एजीएम मेंबर एवं अनेकों कर्मचारियों तथा टूण्डला के समस्त केंद्रीय व मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### अलग-अलग दो किशोरियों से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज एक दलित




**बरेली/क्यो लड़ियां-** थाना क्षेत्र मे दो किशोरियों के साथ की गई छेड़छाड़ में पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट दर्ज की है यह घटना थाना क्षेत्र के गांव बबूरी व चंदपुर ख्याली राम मैं यह घटनाएं घटित हुई है पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर उनकी रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है इसमें गांव बबुरी में घर में सो रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ की गई तो चंद्रपुर ख्यालीराम में छात्र के साथ छेड़छाड़ की गई दोनों घटनाओं को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तहरीर अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जिलाधिकारी ने किया उपनिरीक्षक परीक्षा का निरीक्षण 121ने छोडी परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए इंस्पेक्टर छवि सिंह, मजिस्ट्रेट श्याम नारायण अग्निहोत्री,स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट सुखपाल, केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह, के नेतृत्व में दो दिवसीय उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को प्रथम पाली में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने केंद्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा कक्षों, में सीसीटीवी कैमरों में परीक्षार्थियों की तलाशी आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। केंद्र पर कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में 359 तथा दूसरी पाली में 362 ने परीक्षा दी जबकि



121 ने परीक्षा छोड़ दी।इस दौरान एस आई सतपाल, परीक्षा प्रभारी डॉ सर्वेश कुमार, रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, ब्रजेश शर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता, रामसिंह, डॉ राजेश कुमार गंगवार, मुरारीलाल, लोकेश कुमार, सिद्धि सिंह, गिरजेश कुमारी, बंदना, अमरेश कुमार, वरूण वर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी किसानों की उम्मीदें: मितौली लघु सिंचाई विभाग में बड़ा घोटाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली (खीरी):** उत्तर प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने का दावा कर रही है, वहीं लखीमपुर खीरी जिले के विकासखंड मितौली में लघु सिंचाई विभाग इन दावों को ठेंगा दिखा रहा है। विभाग पर किसानों से अवैध वसूली और घटिया उपकरणों के वितरण के गंभीर आरोप लगे हैं।

**सब्सिडी के नाम पर 'अवैध वसूली' का खेल**

सूत्रों के अनुसार, शासन द्वारा किसानों को मिलने वाली सब्सिडी में जमकर सेंधमारी की जा रही है। किसानों का आरोप है कि उन्हें मिलने वाली निर्धारित सब्सिडी के बावजूद, विभाग के जिम्मेदारों द्वारा उनसे अतिरिक्त अवैध धनराशि वसूली गई है। लघु सिंचाई विभाग वर्तमान में दलालों का अड्डा बन चुका है, जहाँ बिना 'कमीशन' के किसानों की सुनवाई नहीं हो रही।

**घटिया इंजनों की सप्लाई, पोल खुलने का डर**

विकासखंड में वितरित किए गए 5 ॥क्क्के इंजनों की गुणवत्ता पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यदि इन इंजनों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, तो विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खुलनी तय है। घटिया गुणवत्ता के कारण किसानों की मेहनत की कमाई बर्बाद हो रही है।

**50 किमी दूर बुलाकर किसानों का शोषण**

संवेदनहीनता की हद तब पार हो गई जब लघु सिंचाई विभाग के जेई (JE) द्वारा मितौली के किसानों को उनके क्षेत्र के बजाय 50 किलोमीटर दूर ले जाकर इंजन वितरित किए गए। इससे न केवल किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि उन्हें भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का भी




सामना करना पड़ा।

**सरकार की छवि को लग रहा बट्टा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जेबें भरने के चक्कर में सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। किसानों के खून-पसीने की कमाई का सरेआम दुरुपयोग हो रहा है।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और शासन के उच्चाधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों पर क्या कार्रवाई करते हैं? क्या मितौली के पीड़ित किसानों को न्याय मिल पाएगा?

## 40 दिनों से लापता रितिक का अब तक नहीं लगा सुराग, परिजनों में बढ़ी चिंता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के मक्कागंज गांव निवासी 19 वर्षीय रितिक के लापता होने के मामले को लगभग एक 40 दिन बीतने को है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। समय बीतने के साथ-साथ परिजनों की चिंता द्घऔर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।परिजनों का कहना है कि रितिक के अचानक लापता होने के बाद से ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं जुटा सकी है। परिवार के लोग दिन-रात उसकी तलाश में भटक रहे हैं और हर दरवाजे पर उम्मीद लेकर जा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर रितिक धरती में समा गया या आसमान में उड़ गया,



इसका जवाब अब तक किसी के पास नहीं है। एक माह 10 दिन बीत जाने के बावजूद मामले का खुलासा न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।352परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द रितिक का पता लगाया जाए, ताकि परिवार को राहत मिल सके और सच्चाई सामने आ सके।

### आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुरः** थाना क्षेत्र के पनगी गांव निवासी अंकित (24) पुत्र महेश ने अज्ञात कारणों के चलते बहराइच-बस्ती हाईवे के पास एक आम के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगा ली। सुबह राहगीरों ने पेड़ से युवक का शव लटका देखा तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि अंकित बीती रात से घर से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सुबह हाईवे किनारे आम के पेड़ से शव लटका मिलने की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मामले में पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा घाट पर 'पीला आतंक

**● बालू और मिट्टी के खुले खेल में गोमती का कत्ल, 10 फीट गहरे जख्मों से कराह रही नदी!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहम्मदी खीरी-** उत्तर प्रदेश की सियासत में 'बाबा का बुलडोजर' भले ही अपराधियों के घर गिरा रहा हो, लेकिन लखीमपुर खीरी की तहसील मोहम्मदी में यही बुलडोजर और जेसीबी मशीनें गोमती नदी का वजूद मिटाने में लगी हैं। सिरसा घाट पर इन दिनों 'बालू और मिट्टी' का ऐसा खुला खेल चल रहा है, जिसे देखकर कानून और नैतिकता दोनों शर्मसार हैं। यहाँ नियम कागजों पर दम तोड़ रहे हैं और माफिया का 'पीला पंजा' नदी की कोख उजाड़कर करोड़ों के वारे-न्यारे कर रहा है।

**1. सिरसा घाटः माफिया का 'ओपन टेंडर' और अवैध साम्राज्य**

सिरसा घाट अब कोई शांत नदी का किनारा नहीं, बल्कि माफियाओं की 'अवैध मंडी' बन चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यहाँ बिना किसी खौफ के दिन-दहाड़े और रात के सन्नाटे में सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रालियां बालू और मिट्टी लादकर निकल रही हैं।10 फीट का खूनी खेलः नदी के सीने पर 10 फीट से अधिक गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं। माफियाओं की भूख इतनी बढ़ गई है कि वे अब नदी के तल (River Bed) को पूरी तरह खोखला कर चुके हैं। ये गड्ढे नहीं, बल्कि आने वाले मानसून में ग्रामीणों के लिए 'जल-समाधि' की तैयारी है। मिट्टी और बालू के इस अवैध उत्खनन से नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है।

**2. खनन के नियमों का 'शवदाह': रक्षक बने भक्षक!**

भारत सरकार और एनजीटी (NGT) के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की सिरसा घाट पर




सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं:

**नियम 1 (गहराई):** कानूनन नदी से मात्र 3 फीट तक ही सतह से खनन हो सकता है। यहाँ 10 फीट से ज्यादा खुदाई कर कानून को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

**नियम 2 (मशीनों का प्रयोग):** संवेदनशील नदी क्षेत्रों में भारी मशीनों (Poclain/JCB) का प्रयोग वर्जित है, लेकिन यहाँ दर्जनों मशीनें नदी का सीना चीर रही हैं।

**नियम 3 (मिट्टी-बालू का अंतर):** मिट्टी खनन के नाम पर बालू (सफेद सोना) निकाला जा रहा है, जिससे सरकार को मिलने वाले राजस्व की भारी चोरी हो रही है।

**नियम 4 (ई-पर्चियां):** परिवहन के लिए अनिवार्य डिजिटल पास (द्न-स्न्न्न1) का यहाँ कोई नामोनिशान नहीं है। 'पर्ची' की जगह माफिया का 'रसूख' और 'कमीशन' चलता है।

**3. 'संदिग्ध' अफसरः**

दलाली की आँच में जलता सुशासनइस पूरे प्रकरण में तहसील मोहम्मदी के प्रशासन और जिला खनन अधिकारी की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की 'मूक सहमति' के बिना इतना बड़ा खेल संभव ही नहीं है। क्या तहसील के आला अफसरों को सिरसा घाट से उड़ती धूल दिखाई नहीं देती? क्या खनन विभाग के कानों तक जेसीबी की गड़गड़ाहट नहीं पहुँचती? सच्चाई यह है कि 'सुविधा शुल्क' के नाम पर भ्रष्टाचार का एक ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है, जो माफिया को छापेमारी से पहले ही 'अलर्ट' कर देता है। यह भ्रष्ट तंत्र योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के गले में फांस बन गया है।

**4. पर्यावरणिक नरसंहारः डूबता**

**भविष्य, गिरता जलस्तरमिट्टी और बालू के इस खुले खेल का परिणाम भयावह होने वाला है:** पाताल में जाता पानीः 10 फीट की गहराई तक खुदाई से आसपास के गांवों का 'वाटर टेबल' तेज़ी से गिर रहा है। किसानों के नलकूप जवाब दे रहे हैं।

**मिट्टी का कटावः** नदी के किनारों को खोखला करने से बरसात में गाँवों के बहने का खतरा बढ़ गया है ।प्रदूषण और तबाहीः भारी वाहनों के आवागमन से न केवल सड़कें टूट रही हैं, बल्कि क्षेत्र की शांति और पर्यावरण भी तबाह हो रहा है।

**5. माफिया में हड़कंपः अब 'बुलडोजर' की बारी!**

जैसे ही इस महा-घोटाले की खबर नेशनल लेवल पर उठी है, सिरसा घाट के माफियाओं और उनके मददगार अफसरों के पसीने छूट रहे हैं। मशीनों को रात के अंधेरे में छिपाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या लखीमपुर प्रशासन केवल छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति करेगा, या उन 'सफेदपोश मगरमच्छों' को भी पकड़ेगा जो इस अवैध धंधे के असली आका हैं? सिरसा घाट की ये तस्वीरें लखनऊ तक पहुँचनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी, आपके सुशासन को मोहम्मदी के खनन माफिया चुनौती दे रहे हैं। अब देखना यह है कि '10 फीट के इन गड्ढों' में कानून दफन होता है या माफिया का साम्राज्य!

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही के नए पुलिस अधीक्षक बने अभिनव त्यागी, संभाला पदभार



**भदोही।** जनपद भदोही में नवागत पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने रविवार को पुलिस अधीक्षक, भदोही के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर जनपद की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी तथा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनपद में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा जाएगा। नवागत पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा तथा संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई।

### भटके नाबालिग को पुलिस ने चंद घंटों में परिजनों से मिलाया



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना ज्ञानपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से भटके एक नाबालिग बच्चे को कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बच्चे के घर का पता लगाकर उसे सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर परिजनों ने आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में पीआरवी 5525 के कमांडर उपनिरीक्षक मेराज अहमद, सब कमांडर मुख्य आरक्षी शिवकुमार यादव तथा पायलट कांस्टेबल चालक अजय यादव शामिल रहे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### शॉर्ट सर्किट से अशोका पैलेस में लगी आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

**गोपीगंज-** रविवार सुबह लगभग सात बजे क्षेत्र के अशोका पैलेस कठौता में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि लॉन में रखे कई विद्युत उपकरण उसकी चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार आग लगने से फ्रीजर, वातानुकूलन यंत्र, इनवर्टर, दो बैटरियां तथा सजावट में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में करीब एक लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और लॉन में मौजूद अग्निशमन उपकरणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों की तत्परता से आग अधिक फैलने से बच गई और बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का निरीक्षण किया। लॉन पर मौजूद कमलेश सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के सामूहिक प्रयास से समय रहते आग बुझा दी गई, अन्यथा आग फैलने से लाखों रुपये का नुकसान हो सकता था।

### ब्राह्मण समाज की गरिमा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं :राजेश दूबे

**भदोही-** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा यूपी कांग्रेस कोऑर्डिनेशन सेंटर के नोडल पर्सन राजेश दूबे ने कहा कि ब्राह्मण समाज की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के समय में ब्राह्मण समाज से जुड़ी कई घटनाओं से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में पंडित शब्द के प्रयोग को लेकर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई। राजेश दूबे ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज को आहत करने वाली हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि एसआई परीक्षा के प्रश्नपत्र में ब्राह्मण समाज का अपमान करने के दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# घरेलू गैस सिलेण्डर संकट के विरोध में आप ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा 4 सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिलेमें आमआदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बढ़ती महंगाई और घरेलू गैस सिलेण्डर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने कंधों पर सिलेण्डर लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद आप जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल और प्रदेश सचिव पतिराम आजाद के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 4 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निस्तारण कराने की मांग किया। 4 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गय है कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू की जाए। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दिये जाने के साथ ही महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करे। ज्ञापन देने के बाद आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल और प्रदेश सचिव पतिराम आजाद ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 तथा कामर्शियल गैस सिलेंडर में 120 रूपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सरकार और प्रशासन दावा कर रहा है कि घरेलू गैस का कोई संकट नहीं है जबकि लोग परेशान है और गैस के लिये लम्बी कतारे हैं। । मांग किया कि केन्द्र सरकार तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान निकाले। ज्ञापन और प्रदर्शन करने वालों में चंद्रभान कनौजिया, धीरेन्द्र कुमार यादव, राम सजन सूर्यवंशी, अमित जायसवाल, उमेश कुमार शर्मा, मिथिलेश भारती, अब्दुल कयूम के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एनएसएस शिविर में स्वच्छता, योग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर योगासन किया। बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा साक्षी वर्मा ने छात्राओं को दर्पण, गुलदस्ते और रिबन से गुलाब बनाना सिखाया, जिसमें जैनब, गुंजा, मुस्कान, नेहा, रोशनी बानो, निशा, रूही, रागिनी, विधि यादव सहित अन्य ने भाग लिया। पूर्व प्राचार्य डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी, डॉ. मधु विश्वकर्मा और डॉ. संतोष कुमार आर्य के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने चकटोडर गांव में रैली निकालकर 'पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में आयोजित संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण और अनुशासन पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मधु विश्वकर्मा और डॉ. शिरीष कुमार उपाध्याय ने किया।

## शबे क़द्र की मुबारक रात में मस्जिदों में इबादत और कब्रिस्तान में फातिहा की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घोसिया, भदोही।** पवित्र रमज़ान माह की सबसे बरकतों वाली रात शबे क़द्र के मौके पर नगर घोसिया में लोगों से मस्जिदों में इबादत करने और कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम परिजनों के लिए फातिहा पढ़ने की अपील की जा रही है। इस मुबारक रात को रहमत, बरकत और मगफिरत की रात माना जाता है, इसलिए मुसलमान इस रात को इबादत और दुआ में गुजारते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. मोहम्मद जाहिद (सदर रोड, घोसिया निवासी) ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शबे क़द्र की यह रात बहुत ही मुकद्दस और बरकत वाली रात है। समाजसेवी डॉ. मोहम्मद जाहिद ने कहा कि सभी लोगों को चाहिए कि इस मुबारक रात में मस्जिदों में जाकर इबादत करें और कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम परिजनों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनकी मगफिरत की दुआ करें। डॉ. मोहम्मद जाहिद ने बताया कि शबे क़द्र की रात में की गई इबादत का सवाब हजार महीनों की इबादत से बेहतर बताया गया है। इसलिए इस रात को अल्लाह की इबादत, कुरआन शरीफ की तिलावत और दुआ में बिताना चाहिए। इस दौरान समाजसेवी डॉ. मोहम्मद जाहिद ने यह भी कहा कि इस मुबारक रात में लोग अपने साथ-साथ पूरे देश और समाज में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए भी दुआ करें। शबे क़द्र की रात हर मुसलमान के लिए अल्लाह की रहमत और मगफिरत हासिल करने का खास मौका होती है।

# सुरभि शोध संस्थान में राष्ट्रीय जनजाति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




### ● अरुणाचल प्रदेश के जनजाति पुजारियों का दल पहुंचा चुनार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में राष्ट्रीय जनजाति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि हरिश्चन्द्र त्रिपाठी क्षेत्र जनजाति संपर्क प्रमुख रहे। इसमें अरुणाचल प्रदेश के जनजाति व जनजातीय पुजारी का एक दल भारत गौरव यात्रा के दौरान चुनार नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान चुनार पहुंचा। दल विगत सात मार्च से भारत भ्रमण पर निकला है,जो अरुणाचल से दिल्ली वृंदावन होते हुए 13 मार्च को वाराणसी पहुंचा और वहां से शनिवार को चुनार नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान पहुंचे।जिसमें अरुणाचल प्रदेश के पुजारी दल में जनजातीय के आदि तागीन गालो एवं जनजाति के निशीं पुजारी लोग सम्मिलित रहे।पुजारी दल का संस्थान द्वारा स्वागत किया गया।जिसमें पुलुक लेडा जी जो अरुणांचल प्रदेश विश्वहिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष है।

जिनका संस्थान में स्वागत सम्मान किया गया। दल ने अपने वेशभूषा से उपस्थित लोगों का स्वागत किया,और अपने यहां से लाएं गए जल से संस्थान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को पवित्र किया और रक्षा सूत्र बांध कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आशीर्वाद दिया।

### परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**बस्ती।** जिले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने इंदिरा गाँधी इंटर कॉलेज कप्तानगंज, किसान इंटर कॉलेज मरहा, शिव हर्ष उपाध्याय किसान इंटर कॉलेज तथा शिवहर्ष किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सतर्कता बनाए रखें तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इस अवसर पर संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा परीक्षा केन्द्रों के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह के साथ एसपी अभिमन्यु मांगलिक को दी गई भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस लाइन सभागार में शनिवार की शाम आयोजित समारोह में जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एसपी अभिमन्यु मांगलिक के कार्यकाल को याद करते हुए उनके नेतृत्व, ईमानदारी और कार्यकुशलता की सराहना की। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने उन्हें अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र और पौधा भेंट कर उनके अगले दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने भदोहीवासियों के स्नेह और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग एक वर्ष दो माह के कार्यकाल में उन्हें अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और जनता का भरपूर सहयोग मिला, जो उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी और मुकदमों के निस्तारण में भदोही पुलिस ने प्रदेश में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

महिलाओं से संबंधित अपराधों के निस्तारण में भी जनपद ने बेहतर प्रदर्शन किया। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने उन्हें समाज के वंचित वर्ग की पीड़ा समझने वाला और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने वाला लोकप्रिय अधिकारी बताया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, न्यायप्रिय, ईमानदार और सत्यनिष्ठ अधिकारी बताया। अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, अरुण गिरि, भान सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अभिमन्यु मांगलिक के कार्यकाल को जनपद के लिए यादगार बताया।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक का कार्यकाल भदोही के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगा और उनकी कार्यशैली की स्मृतियां लंबे समय तक लोगों के दिलों में बनी रहेंगी।

# मीरजापुर में रक्तधारा बही, 32 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

### ● रोटरी-रोट्रेट विंध्याचल, विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट एवं राबिन हुड आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में लगा था रक्तदान शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** रविवार रोटरी एवं रोट्रेट क्लब विंध्याचल, विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट एवं राबिन हुड आर्मी के संयुक्त तत्वाधानधान में स्थानीय धुंधी कटरा स्थित सुमंगल पैलेस (बिनानी धर्मशाला) में 'रक्तधारा' के तहत आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 32 रक्तदाताओ ने रक्तदान कर मीरजापुर में रक्तधारा बहाई।वैसे रक्तदान महादान नारे के साथ लगे शिविर में रक्तदान के लिए कुल 50 योद्धाओं ने पंजीयन कराया लेकिन स्वास्थ्य परीक्षण और काउंसिलिंग के पश्चात 32 योद्धाओं ने रक्तदान किया।रक्तदान शिविर के दौरान नगर विधायक रत्नाकर मिश्र एवं नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने उपस्थित होकर रक्तदाताओ को आशीर्वाद प्रदान किया।

नगर विधायक ने उपस्थित लोगों से रक्तदान के प्रति अपनी उदासीनता खत्म कर आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान से कोई नुकसान नही होता और रक्तदान महादान है। नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने भी लोगों को रक्तदान से होने वाले लाभों को बताते हुए रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। आयोजन के दौरान सभासद अलंकार जायसवाल के साथ ही रोटरी क्लब विंध्याचल की तरफ से अध्यक्ष सरीश सिंह, मयंक गुप्ता, महावीर सेठिया, संजय रैदानी, राजेन्द्र अग्रवाल, हिमांशु रस्तोगी,मनीष गुप्ता रोट्रेक्ट क्लब विंध्याचल की तरफ से सत्यम गुप्ता, अभिनव गुप्ता, शुभम जायसवाल, प्रखर गुप्ता, प्रियांशु अग्रवाल, शिखर बरनवाल, विवेक राजपूत, रेनू गुप्ता, ज्योति उमर विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से सचिव अभिषेक साहू,उपाध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल सहित विनय कुमार, हर्षित वर्मा, आकाश तिवारी, मोहित सिंह, राबिन हुड आर्मी की तरफ से आशीष अधिकारी, आशुतोष कुमार दुबे, अरविंद गुप्ता, निरंकार विश्वकर्मा इत्यादि उपस्थित रहें।

## NSS विशेष शिविर के पांचवे दिन ग्रामीणों को योग,नशा मुक्ति व सामाजिक समरसता का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र 2025-26 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) माधवी शुक्ला के दिशानिर्देश में लक्ष्य गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात योग प्रभारी डॉ.अरविन्द कुमार के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक योगीराम ध्यानचंद (योग पतंजलि, चुनार मीरजापुर) द्वारा शिविरार्थियों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के उपाय बताए। इस अवसर पर योग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया,जिसमें छात्र एवं छात्रा वर्ग में अलग-अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। छात्र वर्ग मे प्रथम स्थान सूरज, द्वितीय स्थान गोविन्द एवं तृतीय स्थान रूद्र प्रताप ने प्राप्त किया। वही छात्रा वर्ग मे प्रथम स्थान सुगम यादव, द्वितीय स्थान आरती एवं तृतीय स्थान सुष्मिता ने प्राप्त किया।इसके उपरांत शिविरार्थियों ने गांव वासियों के बीच शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सुंदर गीत एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। इस नुक्कड़-नाटक में अंजलि दुबे,प्रशांत यादव,सतीश वर्मा,बृजेश कुमार,रूपेंद्र तथा परमेश पाल ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया।बौद्धिक सत्र में डॉ.शैलेन्द्र कुमार ने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है तथा युवाओं को इससे दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए। वहीं डॉ.सत्येंद्र कुमार ने सामाजिक समरूपता (सामाजिक समरसता) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए सभी वर्गों के बीच आपसी सहयोग,समानता और भाईचारे की भावना आवश्यक है।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम सह-प्रभारी डॉ. विद्या सिंह ने किया। इस शिविर में लगभग 50 शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# त्रयोदशाह पर 'जीवन की सार्थकता' विषयक विद्वत गोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** राज्य कर्मचारी नेता एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिवलाल अवस्थी के त्रयोदशाह के अवसर पर शनिवार को गुरु कृपा शुभ मंगलम पैलेस, धुंधी कटरा में 'जीवन की सार्थकता' विषय पर विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों और गणमान्य लोगों ने जीवन, धर्म और मानव कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में जूना अखाड़ा के महंत डॉ योगानंद गिरी ने स्वधर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संसार दुखालय है, इसलिए व्यक्ति को सद्कर्म और धर्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार पुरुषार्थ हैं। धर्म के बिना जीवन अधूरा है और मनुष्य को अपने स्वधर्म का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस संसार में जन्म लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करे और ऐसा जीवन जिए कि उसके जाने के बाद भी लोग उसे सम्मान और आदर से याद करें। गोष्ठी में नरेंद्र देव पांडेय ने कहा कि धर्म सनातन संस्कृति का आधार है और जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए। मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलकर ही जीवन की वास्तविक सार्थकता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सलिल पाण्डेय, राजेंद्र तिवारी, नागरिक संगठन के अध्यक्ष अरुण मिश्र मनोज श्रीवास्तव और राजन पाठक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन स्वर्गीय शिवलाल अवस्थी के



अनुज डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी ने किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद ज्ञान और सद्कर्म में है। मनुष्य को ऐसा जीवन जीना चाहिए कि उसके कर्म समाज के लिए प्रेरणा बनें। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से शोक और भय से मिलती है मुक्ति-पंडित सूर्य प्रकाश

**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के रतेह गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को कथावाचक पंडित सूर्य प्रकाश मिश्र ने भगवान के विभिन्न अवतारों और कृष्ण जन्म की कथा का भक्तों को रसपान कराया। कथावाचक ने कहा जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बढ़ने लगता है तब भगवान पृथ्वी पर अवतरित होकर आसुरी शक्तियों का नाश कर धर्म की रक्षा करते हैं। द्वापर युग में भगवान ने धर्म की रक्षा के लिए वासुदेव और देवकी के पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान कृष्ण ने अत्याचारी कंस व अन्य राक्षसों का वध कर पृथ्वी को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया। कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से दुखों से मुक्ति मिलती है और मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है।कहा कि भगवान का श्रद्धापूर्वक स्मरण करने वाले भक्त कभी भी संकट में नही पड़ते हैं। भगवान उनकी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।कथा के अंत में श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान पंडित हरिशंकर मिश्र, शंभू नाथ मिश्र कथायजमान त्रिवेणी प्रसाद दुबे,अनार कली,ठाकुर प्रसाद दुबे,राम मूर्ति पांडेय,छविनाथ चौरसिया, सुरेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## डीएम शैलेष कुमार व एसपी अभिनव त्यागी ने किया उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, परीक्षा सकुशल सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं नवागत पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर तथा विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं नियमों के अनुरूप सम्पन्न कराई जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल प्रशासन को अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की कड़ी निगरानी एवं पुख्ता व्यवस्थाओं के बीच जनपद में उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## सहस्त्रार्जुन मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन

**जायसवाल समाज ने एक-दूसरे को लगाया अबीर गुलाल**



**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के ब्योहरा गांव स्थित सहस्त्रार्जुन मंदिर परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जायसवाल समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।समारोह के दौरान लोक कलाकारों ने पारंपरिक फाल्गुन गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। मुख्य गायन डॉ. कमला प्रसाद पाल और दुखी राम गुप्ता ने किया। उनके साथ हारमोनियम पर अशोक पाल और ढोलक पर काशी राम ने संगत दी, जिससे पूरा वातावरण खुशनुमा हो गया।इस अवसर पर आयोजक पूर्व प्रधान जय प्रकाश जायसवाल, एडवोकेट टी.एन. जायसवाल, कमलेंद्र, बृजेश चंद्र, विनोद, धर्मेंद्र, राजकुमार, विनय बाबा और अजीत सहित जायसवाल समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेनबो स्कूल बरही में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के शिवपुर गडलाही स्थित रेनबो स्कूल बरही में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गणित विषय को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विशेष गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को लिखित रूप में विभिन्न प्रकार के गणितीय प्रश्न दिए गए, जिनका उत्तर बच्चों ने अपनी समझ और क्षमता के अनुसार हल किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आरुषि कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मंताशा प्रवीण ने द्वितीय स्थान हासिल किया तथा सिमी कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित एक महत्वपूर्ण विषय है जो बच्चों के तार्किक और बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि भी मजबूत होती है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएचसी परिसर में व्याप्त झाड़-झक्कड़ में लगी आग, मचा हड़कंप

**कोंच(जालौन)-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के पीछे व्याप्त झाड़-झक्कड़ में रविवार की सुबह अचानक आग लग जाने से स्वास्थ्य केंद्र परिसर परिसर में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब आग तेजी से फैलने लगी तो दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मामले के मुताबिक रविवार की सुबह स्वास्थ्य केंद्र भवन के पीछे व्याप्त झाड़-झक्कड़ में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सूखे झाड़-झक्कड़ के कारण आग तेजी से फैलने लगी। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने डायल 112 पुलिस सहित दमकल विभाग को सूचना दी जिसके बाद पीआरबी और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग ने बड़ा रूप नहीं लिया, वरना परिसर में खड़ी खटारा एंबुलेंस भी इसकी चपेट में आ सकती थी। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने जलती हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस की तीली फेंकी है जिससे ही यह आग लगी है।

### कांशीराम को किया नमनः चंद्रभूषण

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर कांशीराम की जयंती शंकर गोंड की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि कांशीराम ने उत्तर भारत में पीडीए समाज को संगठित कर वंचित वर्गों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू कराने के लिए देशभर में साइकिल यात्रा निकालकर जनदबाव बनाया और नारा दिया मंडल कमीशन लागू करो, वरना गद्दी खाली करो। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा देते हुए वंचित वर्गों की सत्ता में भागीदारी के लिए कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का निर्माण किया। बैठक में कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग भी की गई।

# चंदवा में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन, सनातन एकता का गूंजा संदेश

● हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति, कलश यात्रा, हवन, हनुमान चालीसा पाठ व महाभंडारे से भक्तिमय हुआ माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल खेल स्टेडियम मैदान में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सनातन धर्म के प्रति अपनी गहरी आस्था और समर्पण का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा देवनाथ नदी से पवित्र जल लेकर चंदवा के मुख्य मार्गों से होते हुए हाई स्कूल खेल स्टेडियम मैदान पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इसके पश्चात सामूहिक हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन कराया गया, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह एवं राकेश लाल उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता भैरव सिंह ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सम्मेलन की अध्यक्षता धनेश प्रसाद साहू ने की, जबकि मंच संचालन रमेश प्रसाद साहू ने किया। आयोजन समिति की ओर से सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने पूरे कार्यक्रम को और अधिक भक्तिमय बना दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित रहने तथा सनातन धर्म के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता भैरव सिंह ने कहा कि समाज की माताओं, बहनों और बेटियों को अपने धर्म, संस्कार और संस्कृति के प्रति जागरूक रहना चाहिए और झांसी की रानी की तरह साहस, आत्मविश्वास व स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए, जिससे सम्मेलन एक विशाल जनसमागम में बदल गया। अंत में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक धनेश प्रसाद, सहसंयोजक मनीष कुमार उर्फ चांदो, रमेश प्रसाद साहू, राजेश चंद्रवंशी, दिनेश साहू, कृष्ण कुमार, दिनेश प्रसाद, अरुण साहू, अजय साहू, मंटू केसरी, रवि पांडुरंगा, वीरेंद्र साहू, मनीष गुप्ता समेत कई कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विराट हिंदू सम्मेलन का यह आयोजन शांतिपूर्ण, उत्साहपूर्ण और सनातन धर्म के प्रति नई प्रेरणा देने वाला साबित हुआ।

# युवा साथी झारखंड ने रमजान के पावन अवसर पर दावत-ए-इफ्तार का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रमजान माह के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था युवा साथी झारखंड द्वारा बरही प्रखंड के चकुरा मैदान में शनिवार को दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा स्थानीय व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रोज़ा रखने वाले लोगों के लिए इफ्तार की विशेष व्यवस्था की गई थी। इफ्तार के समय सभी रोज़ेदारों ने एक साथ रोज़ा खोला और रमजान की खुशियों को साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि युवा साथी झारखंड समाज में एकता, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव को मजबूत



करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। उन्होंने कहा कि रमजान के पावन अवसर पर आयोजित यह दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी मेल-जोल और सद्भाव को बढ़ाने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में युवा नेता सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए इस तरह के सामाजिक और धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ऐसे कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी समझ और सहयोग को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य, स्थानीय युवा एवं बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से उपस्थित सभी साथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा भविष्य में भी समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज खान, उपकोषाध्यक्ष शारूफ आलम, अहमद खान, सहमद खान, दीपेश कुमार, संजय मेहता, सद्दाम, अफसर, सहजाद, वसीम, मासूम, सोनू, अकरम, मंसूर, अख़लाक़, महमूद, यमुना, मिनहाज, इनामुल, नईम, ग़ुलाम, जुनैद, कलाम, रहमत, साहिद, समसाद, समशेर आदि लोग शामिल हुए।

### करों निवासी स्व. शशिप्रकाश सिंह उर्फ पलटू को दी गई श्रद्धांजलि, नेताचौक पर शोक सभा हुई आयोजित



**करों, देवघर, झारखंडः-** करों निवासी सारठ संसाधन केन्द्र के लेखापाल स्वर्गीय शशिप्रकाश सिंह उर्फ पलटू की स्मृति में नेता सुभाष समिति एवं ग्राम समुदाय की ओर से नेताचौक पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. शशिप्रकाश सिंह एक सच्चे और मिलनसार इंसान थे। वे समाज के हर वर्ग के लोगों के दुख-सुख में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते थे। मौके पर आशीष आचार्य, अमरनाथ, पूर्णानन्द राय, सुजीत डे के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क पुलियों के निर्माण में अनियमितता का आरोप, मात्र दो इंच ढलाई से हो रहा है फ्लोर निर्माण

● सूखा मसाला व बोल्डर से की जा रही है जोड़ाई, ग्रामीणों ने गुणवत्ता जांच की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत मोंगलाबांध पंचायत के आमकोना ग्राम से महेश काटा तक निर्माणाधीन आरईओ पक्की सड़क में इन दिनों सड़क पुलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार पुलियों के निर्माण के दौरान लगभग चार फीट तक फ्लोर तैयार कर उसमें बोल्डर भर दिया गया है, जबकि ऊपर से केवल 5/8 स्टोन चिप्स और सूखे मसाले के साथ लगभग दो इंच मोटाई की ढलाई की जा रही है। साथ ही बोल्डरों की



जोड़ाई भी आठ भाग मसाले से की जा रही है। उक्त निर्माणाधीन सड़क से गुजरने वाले कई ग्रामीणों ने बताया कि इतनी कम मोटाई में ढलाई किए जाने से पुलियों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और उनकी टिकाऊपन को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा योजना स्थल पर सूचना पट्ट (बोर्ड) भी नहीं लगाया गया है, जिससे योजना की लागत, प्रारंभिक तिथि तथा समापन तिथि जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों ने विभागीय पदाधिकारियों से निर्माणाधीन सड़क और पुलियों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है, ताकि योजना में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

# 30 मार्च को गोपीकांदर में निकलेगा JJSM का विशाल जुलूस, राज्यपाल के नाम सौंपा जाएगा मांग पत्र

●खैरी बाड़ी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से प्रखंड कार्यालय तक निकलेगा जुलूस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीकांदर, झारखंडः-** जनाधिकार संघर्ष मोर्चा (JJSM) की ओर से शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने तथा संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर 30 मार्च 2026 (सोमवार) को गोपीकांदर में एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जानकारी संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने दी। उन्होंने बताया कि गोपीकांदर प्रखंड क्षेत्र के खैरी



बाड़ी स्थित JJSM के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में सुबह 11:00 बजे हजारों की संख्या में शोषित एवं पीड़ित जनता तथा संगठन के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद सभी लोग जुलूस के रूप में गोपीकांदर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचेंगे। प्रखंड कार्यालय परिसर में सभा आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जाएगा। इसके उपरांत झारखंड के महामहिम राज्यपाल के नाम एक मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) गोपीकांदर को सौंपा जाएगा। मांग पत्र के माध्यम से शोषण के खिलाफ आवाज उठाने, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने, बेरोजगारों को रोजगार देने तथा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। JJSM के केंद्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू तथा महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष जोबन्ना हेंब्रम ने क्षेत्र के लोगों और संगठन के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे 30 मार्च को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दुमका सुनील पवारिया, पाकुड़ जिला अध्यक्ष नागेंद्र सोरेन तथा अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## टोरी जंक्शन से आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस की हुई शुरुआ, विधायक ने दिखाई हरी झंडी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** टोरी जंक्शन से आनंद विहार-पुरुलिया एक्सप्रेस के परिचालन की शुरुआत हो गई है। शनिवार की रात आयोजित कार्यक्रम में लातेहार के विधायक प्रकाश राम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर स्टेशन परिसर में उत्साह का माहौल रहा और स्थानीय लोगों ने फूलों से सजी ट्रेन का स्वागत किया। विधायक प्रकाश राम ने अपने संबोधन में कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को दिल्ली, अयोध्या और लखनऊ के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो गई है। इससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन पुरुलिया से टोरी, डालटनगंज, गढ़वा रोड, वाराणसी, अयोध्या धाम और लखनऊ होते हुए आनंद विहार (दिल्ली) तक जाएगी। इससे टोरी, बालूमाथ, लातेहार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि विशेष रूप से श्रद्धालुओं के लिए अब अयोध्या धाम तक पहुंचना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने क्षेत्र



की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने अपने संबोधन में रेलवे के वरीय अधिकारियों से टोरी जंक्शन पर मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाला टोरी जंक्शन आज भी कई आवश्यक सुविधाओं से वंचित है, जिसे जल्द से जल्द विकसित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में टोरी स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय, सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज, शिवकेश्वर यादव, श्रवण साहू, प्रदीप ठाकुर, रवि पांडुरंगा, राहुल जायसवाल, अंकित कुमार गोलू, राजू कुमार, रेलवे के अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, यात्री तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### वैकल्पिक घरेलू ईंधन के लिए पशुपालन उपयोगी: निशाकांत

**देवरिया।** पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकांत तिवारी ने कहा कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में घरेलू ईंधन की पूर्ति के लिए पशुपालन एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प बन सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी गैस पर बढ़ती निर्भरता को कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन स्रोतों पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गांवों में पशुओं के गोबर का उपयोग लंबे समय से उपले बनाकर ईंधन के रूप में किया जाता रहा है, जो खाना पकाने के लिए सस्ता और सहज उपलब्ध साधन है। इसके अलावा गोबर से बायोगैस प्लांट के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा भी प्राप्त की जा सकती है। निशाकांत तिवारी ने बताया कि बायोगैस से रसोई तक पाइप के माध्यम से ईंधन पहुंचाया जा सकता है, जिससे धुआं नहीं होता और गैस सिलेंडर पर होने वाला खर्च भी कम होता है। यह पशु अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस प्लांट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि घरेलू ईंधन की समस्या का समाधान हो सके और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

# कोनरा जगन्नाथ मंदिर में रामनवमी शोभायात्रा की भव्य तैयारी को लेकर बैठक, नई कमेटी का हुआ गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोनरा स्थित जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में वर्ष 2026 के रामनवमी पर्व पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और युवाओं ने भाग लिया तथा आयोजन को भव्य और शांतिपूर्ण बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया, ताकि आगामी रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन व्यवस्थित और भव्य तरीके से किया जा सके। नई कमेटी में अध्यक्ष पद के लिए रवि पासवान को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में सुभाष पासवान और रंजन झा को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर सूरज कुमार को नियुक्त किया गया, जबकि उप सचिव के रूप में अमित कुमार को चुना गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी नितेश कुमार को दी गई तथा उपकोषाध्यक्ष के रूप में संतोष सिंह को चुना गया। इसके अलावा महामंत्री के रूप में महेंद्र केसरी, रामदेव साव, पिंटू पासवान, शंकर विश्वकर्मा और संजय राम को चुना गया।

वहीं कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में रवि केसरी को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के रूप में कुंदन मिश्रा तथा सदस्य के रूप में कैलाश भगत को शामिल किया गया। बैठक में संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया, जिसमें विनोद विश्वकर्मा, दयानंद चौरसिया, धनराज शर्मा, शंभू केसरी, प्रमोद विश्वकर्मा, बंसी साव, सहदेव विश्वकर्मा, गुज्जू चौरसिया, संजय पासवान और रमेश पासवान को संरक्षक बनाया गया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने एकजुट होकर रामनवमी शोभायात्रा को भव्य, अनुशासित और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कोनरा बरही में रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा तथा शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। अंत में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए आपसी सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। रामनवमी को लेकर क्षेत्र में अभी से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# हिरणपुर में झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने दी इफ्तार पार्टी, रोजेदारों ने अमन-चैन व भाईचारे की मांगी दुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड के कमलघाटी स्थित आवास पर झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम द्वारा भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाकुड़ जिले सहित विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में रोजेदार और क्षेत्रवासी शामिल हुए। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और रमजान के पवित्र माह की बरकतों में शरीक हुए। इफ्तार के दौरान रोजेदारों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। रमजान के इस मुकद्दस महीने में आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रखा गया था। इस अवसर पर झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना सब्र, रहमत और इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना हमें एक-दूसरे के प्रति हमदर्दी रखने, जरूरतमंदों की मदद करने तथा समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत बनाने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि आज के इस दावत-ए-इफ्तार में सभी जाति और समुदाय के लोगों का एक साथ शामिल होना इस बात का प्रतीक है कि हमारा राज्य और देश आपसी प्रेम और सद्भाव के मजबूत धागे में बंधा हुआ है। मौके पर उपस्थित लोगों ने अमन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। साथ ही इस आयोजन को सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों की मौजूदगी ने सामाजिक एकता का मजबूत संदेश दिया।

# मधुपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन, समाज की एकता पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बस्ती स्थित गांधी मैदान मीना बाजार में सर्व सनातन हिंदू समाज के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व सनातन हिंदू समाज, सरस्वती बस्ती, सुभाष बस्ती और गोकुलधाम बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन से की गई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक माहौल बन गया। इसके बाद अतिथियों का परिचय एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र ने सामूहिक गीत तथा




मनोज सिंह ने व्यक्तिगत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विनोद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और समाज की एकता सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने समाज से संगठित होकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख दिनेश ने कहा कि हिंदू समाज की एकता राष्ट्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने समाज में जागरूकता, संगठन और संस्कारों के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गोपाल ने की। मौके पर आर्य समाज के पुरोहित श्यामकांत शास्त्री, नगर संघचालक ब्रह्मदेव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन रामअचल और पंचानन पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक मुकेश कुमार, सह संयोजक संजय कुमार मंडल, सचिव प्रकाश चमड़िया, कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# गैस की किल्लत को लेकर सपा ने निकाला जुलूस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के गोविन्द नगर विधानसभा में गैस की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर का जुलूस निकाल कर




ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया!

हाजी फ़ज़ल महमूद महानगर अध्यक्ष, विनय गुप्ता प्रभारी गोविंद नगर विधानसभा नितेंद्र यादव, शैलेन्द्र यादव, रजत मिश्रा महिंद्र सिंह, अमरजीत सलूजा, अर्पित त्रिवेदी, अजय श्रीवास्तव गुड्डू यादव रमा यादव सही सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपाइयों ने मनाई कांशीराम की जयंती



**कोंच(जालौन)**- बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को उनकी 92वीं जयंती पर रविवार को बसपा कार्यकर्ता और समर्थकों ने याद किया।

नगर में सद्भाव मंडपम में आयोजित जन्म जयंती कार्यक्रम में उपस्थित बसपाइयों ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटा। पार्टी के माधौगढ़ विधानसभा प्रभारी राजकुमार पड़रया ने कहा कि कांशीराम साहब जीवन भर समाज के दबे-कुचले लोगों की बेहतरी के लिए काम करते रहे। वे ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने शोषित और वंचित समाज को जगाने का काम किया। उन्होंने नारा दिया था, वोट से लेंगे सीएम पीएम, शिक्षा से लेंगे एसपी डीएम। उस नारे ने दलित और पिछड़े समाज में चेतना का संचार किया और वोट तथा शिक्षा की अहमियत को समझा है। इस दौरान पार्टी नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह कुशवाह, सुनील खटीक, राजीव कुमार जाटव, अवधेश चौधरी, फीरोज खान, अखिलेश चौधरी, सतीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)**- पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को थाना कैलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। मामले के मुताबिक बीते दिनों पूर्व थाना कैलिया में क्षेत्र के ग्राम ब्योनाराजा निवासी कलीम पुत्र अली मुहम्मद के विरुद्ध धारा 74 बीएनएस और 7/8 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था और तभी से उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था। रविवार को थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल की अगुवाई में वरिष्ठ उप निरीक्षक जगमोहन सिंह एवं कांस्टेबल आत्माराम ने मुखबिर की सूचना पर कलीम को क्षेत्र के ग्राम बरहल की मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया गया है।


### दिनदहाड़े मेन रोड से चोर ले उड़े अपाचे बाइक



**कोंच(जालौन)**- दिनदहाड़े मेन रोड स्थित चौराहे से बेखौफ चोर अपाचे बाइक ले उड़े। पीड़ित बाइक स्वामी ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

मोहल्ला आराजीलेन निवासी आबिद पुत्र अफसर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार की सुबह करीब 11:30 बजे वह अपनी अपाचे बाइक एमपी 07 एनसी 5727 लेकर छावला की दुकान पर सामान खरीदने गया हुआ था। दुकान के ठीक बाहर सड़क किनारे उसने बाइक खड़ी कर दी और वह दुकान के काउंटर पर जाकर खड़ा हो गया। कुछ ही मिनटों बाद वह सामान लेकर आया तो मौके से उसकी बाइक गायब थी। आसपास खोजबीन करने पर जब बाइक का पता नहीं चला तो उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पीड़ित आबिद ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज चेक कर चोरों का पता लगाया जा रहा है।

### निहारिका मिश्रा को पीएचडी उपाधि मिलने पर जताई खुशी



**कोंच(जालौन)**- स्थानीय एमपीडीसी कॉलेज कोंच से सेवानिवृत्त लिपिक बृजेंद्र मिश्रा की होनहार पुत्री निहारिका मिश्रा को जेजेटी विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान, घराना बनारस से शोध निर्देशिका डॉ रंजना सक्सेना एवं गुरु डॉ ऋषि मिश्रा के सानिध्य में पीएचडी उपाधि मिलने पर शिक्षाविद सहित शुभचिंतकों एवं नागरिकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। निहारिका ने बृजेंद्र- शशि वर्मा की पुत्री निहारिका ने माध्यमिक शिक्षा नाथूराम पुरोहित बालिका इंटर कॉलेज से और प्रभाकर बीए, एमए एमपीडीसी कॉलेज से अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इतिहास और संगीत विषय से उन्होंने डबल एमए डीवीसी कॉलेज उरई से ग्रहण की। संगीत शिक्षा में उनके गुरु ग्यासीलाल याज्ञिक, डॉ प्रभा त्रिपाठी एवं वीणा सक्सेना रहीं जिन्होंने निहारिका को संगीत के क्षेत्र में नई ऊंचाई तक पहुंचाया।

# बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने संविदा कर्मियों की जान के साथ खिलवाड़ जिम्मेदार कौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** - जिले में विद्युत विभाग के दो सब डिवीजन कार्यरत है जिसमें एक रॉबर्ट्सगंज दूसरा पिपरी है दोनों डिविजनों में आए दिन संविदा श्रमिक विद्युत लाइनों पर काम करते हुए या तो घायल होते हैं या फिर अकाल मौत मारे जाते हैं आखिर विद्युत सुरक्षा निदेशालय कर क्या रही है विद्युत विभाग के कर्मचारी सरकारी टीजी 2 , अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी जिनका दायित्व होता है कि उनके कार्य क्षेत्र में किसी भी कर्मचारी के साथ कोई अनहोनी न होने पाए लेकिन यह सिर्फ वसूली में मस्त है इन्हें सिर्फ बिजली बिल की वसूली करने विभाग द्वारा दिए गए टारगेट को पूरा करना चाहे वो बकाया बिल की वसूली के लिए लाइन काटना हो अथवा मीटर लगाना हो लाइन मेंटेनेंस करना हो ट्रांसफार्मर के रख रखाव करना हो 11000 और एल टी लाइन पर पेड़ों की डालियों को काटना हो कंज्यूमरों का डाटा इकट्ठा करना हो यह सभी काम संविदा कर्मियों के द्वारा ही कराया जाता है लेकिन उनके सुरक्षा का तनिक भी ख्याल नहीं रखा जाता है अक्सर देखने में आता है की सुरक्षा के नाम पर उन्हें टोपी और रेडियम जैकेट दे दिया जाता है लेकिन सेफ्टी बेल्ट शूज ग्लव्स आर्थ् रॉड ,अर्थ चैन सीडी इन सब की उपलब्धता नहीं कराई जाती है अगर संविदा कर्मी इन सब सामानों की मांग करता है तो उनसे कहा जाता है कि यह सामान स्वयं अपने पैसों से खरीद लो अब सवाल यह उठता है कि 8000 के अल्प वेतन में संविदा कर्मी अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करेगा या सेफ्टी उपकरण की खरीद करेगा जबकि इन सब चीजों की जिम्मेदारी उस कंपनी की होती है जिस कंपनी को लाइन के मेंटेनेंस और बिल वसूली का टेंडर जारी किया जाता है आखिर अधिकारी यह सब चीज उन कंपनियों से क्यों नहीं मांगते हैं और अगर मांगते हैं तो यह सामान जाता कहां है या फिर सिर्फ खाना पूर्ति ही की जाती है।गर्मी बढ़ते ही विद्युत वितरण प्रणाली पर लोड बढ़ता है और कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ने लगता है लेकिन मैन पावर की कमी होने के कारण काम का बहुत संविदा कर्मियों पर ज्यादा लोड बढ़ने लगता है जब विभाग के पास संसाधन और पैसा दोनों उपलब्ध है तो फिर मैन पावर बढ़ाने में आखिर दिक्कत ही क्या है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी या संविदा कर्मी जो अल्प वेतन में अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए अपनी जान को जोखिम में डालकर दिन-रात मेहनत करता रहता है ऊपर से अध्यक्ष यूपीपीसीएल का यह आदेश है कि अगर संविदा कर्मी फेशियल अटेंडेंस को अपने नियत समय से 5 मिनट लेट से लगता है तो उसे लापरवाह माना जाएगा और अगले माह से उसको कार्य से हटा दिया जाएगा लेकिन वही संविदा कर्मी शाम 5:00 बजे के बाद (अपने 8 घंटे की ड्यूटी को पूरा करने के उपरांत)अगर काम करने से मना कर दे तो इनका पूरा विभाग हिल जाएगा हर संविदा करने से 12 घंटा ड्यूटी कराई जाती है तब उनके कानों पर जूं नहीं रेंगता।

# सोनभद्र ओबरा में श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी प्रसाद वितरण 8वें महीने भी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)**- नर सेवा ही नारायण सेवा है के संकल्प को चरितार्थ करते हुए श्री राम सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा खिचड़ी भंडारा शनिवार को अपने 8वें महीने में प्रवेश कर गया। ओबरा के सुभाष चौराहा स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर पर प्रत्येक शनिवार को होने वाला यह आयोजन इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस सप्ताह के भंडारे की विशेषता श्री श्री 108 शिवकुमार पहाड़ी बाबा का विशेष सहयोग और सानिध्य रहा। उनके सौजन्य से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। समिति ने बताया कि बाबा न केवल एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं, बल्कि वे धर्माचार्य प्रकोष्ठ सोनभद्र के जिला अध्यक्ष के रूप में भी समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

भंडारे के दौरान समिति के सदस्यों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य बिन्दुओं में शामिल हैं। पिछले 8 महीनों से बिना रुके प्रत्येक शनिवार को यह सेवा कार्य चल रहा है। हनुमान जी के चरणों में अरदास के साथ यह सुनिश्चित करना कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। समिति के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि शिवकुमार पहाड़ी बाबा के समिति से जुड़ने और उनके आशीर्वाद से संगठन को नई ऊर्जा और बल मिला है। यह भंडारा प्रभु की इच्छा और भक्तों के सहयोग से निरंतर चलता रहेगा। सेवा ही हमारा परम धर्म है। अजीत प्रताप सिंह (संस्थापक, श्री राम सेवा समिति) इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में समिति के अनेक सदस्यों ने अपना श्रमदान और सहयोग दिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे। ओम प्रकाश सिंह ,संकट मोचन झा,चंदन सोनी, आदित्य वर्मा,सरिता सिंह,सर्वेश दुबे व पुष्प दुबे,उमाशंकर केसरी,रणजीत तिवारी और राम आश्रय बिंद,रीता कुमारी सिद्धपीठ हनुमान मंदिर पर होने वाला यह साप्ताहिक आयोजन अब स्थानीय लोगों के लिए आस्था और सेवा का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। समिति ने सभी दानदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस सेवा को और विस्तार देने की बात कही है।

# सोनभद्र पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 25,000 का इनामी बंटी गिरफ्तार, लाखों की हेरोइन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र** - सोनभद्र पुलिस ने नशे के सौदागरों और वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसओजी (SOG) और रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने ?25,000 के इनामी और शातिर अपराधी प्रतीक कुमार उर्फ बंटी को भारी मात्रा में अवैध हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में एसओजी और थाना रॉबर्ट्सगंज की टीम ने जाल बिछाया। 14 मार्च की रात करीब 10:26 बजे, पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आर्यन एकेडमी (ग्राम गोरारी) के पास घेराबंदी की। यहाँ से अभियुक्त प्रतीक कुमार उर्फ बंटी को दबोच लिया गया।तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 22 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2,20,000 बताई जा रही है।

प्रतीक कुमार उर्फ बंटी (21 वर्ष) जैत, थाना रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र ?25,000 (पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित)गिरफ्तार अभियुक्त प्रतीक कुमार एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और चोरी जैसी गंभीर धाराओं में कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर एक्ट मु0अ0सं0 332/2025 के तहत कार्रवाई। NDPS एक्ट मादक पदार्थों की तस्करी के आधा दर्जन से अधिक मामले।ताजा कार्रवाई मु0अ0सं0 206/2026 धारा 8/21NDPS एक्ट राबर्ट्सगंज इस महत्वपूर्ण सफलता में प्रभारी निरीक्षक राम स्वरुप वर्मा (रॉबर्ट्सगंज) और एसओजी प्रभारी राजेश जी चौबे की मुख्य भूमिका रही। टीम में उप-निरीक्षक धर्मनारायण भार्गव, रणजीत सिंह समेत एसओजी के मुख्य आरक्षी सतीश सिंह पटेल और अन्य जवान शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# ऐतिहासिक अंजनी माता मेले से पहले अव्यवस्थाओं का बोलबाला, अधूरी सड़क बनी चिंता का कारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी (ललितपुर)।** तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हेड़ी में 1 से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एवं प्राचीन अंजनी माता मेले से पूर्व व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है। मेले से पहले गांव में साफ-सफाई, सड़क, बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की लचर स्थिति ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों के अनुसार मेला क्षेत्र के पास हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया गया था, लेकिन सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डालने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके अलावा गांव की ओर जाने वाली सड़क भी आधी-अधूरी बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेले के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और वाहनों का आवागमन होता है, ऐसे में अधूरी सड़क के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। कई स्थानों पर कूड़ा-करकट फैला हुआ है, जिससे मेले के दौरान स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं बिजली व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। कई जगहों पर जर्जर विद्युत लाइनें और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण रात्रि में समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि अंजनी माता मेले में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में प्राथमिक चिकित्सा, पुलिस सुरक्षा तथा पर्याप्त पेयजल व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक है। यदि इन व्यवस्थाओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मेले के आयोजन से पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा अधूरी पड़ी सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डलवाई जाए। साथ ही साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, चिकित्सा और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं की गई तो ऐतिहासिक अंजनी माता मेले की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### जमीन के विवाद में मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** जनपद के जखौरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी रामदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जनप्रिय नेता स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह (बबलू सिंह) की जयंती पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रेणुकूट, सोनभद्र** - सोनभद्र के रेणुकूट क्षेत्र के जनप्रिय नेता और पूर्व नगर अध्यक्ष स्वर्गीय श्री शिव प्रताप सिंह (बबलू सिंह) की जयंती के अवसर पर आज उनके निवास स्थान पर श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिलेगा। उनके जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए उनके आवास, श्री हनुमान सिंह मार्केट में एक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। बबलू भाई, जैसा कि उन्हें क्षेत्र में प्यार से बुलाया जाता था, केवल एक नेता नहीं बल्कि रेणुकूट की जनता की आवाज़ थे। वे गरीब, असहाय और मजदूर वर्ग के हक की लड़ाई लड़ने के लिए किसी भी सीमा तक जाने का साहस रखते थे। उनकी असामयिक मृत्यु से न केवल रेणुकूट बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। आज भी वे अपने कार्यों के कारण लोगों के दिलों में राज करते हैं। इस मांगलिक अवसर पर सुंदरकांड के माध्यम से उनकी आत्मा की शांति और उनके द्वारा दिखाए गए जनकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।गरीबों के मसीहा और संघर्ष के प्रतीक बबलू भाई के मार्गदर्शन पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आइए, हम सब मिलकर इस पावन अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

# सामूहिक सर्वजातीय सम्मेलन में 5 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- खुशी जन कल्याण सेवा संस्था के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रविवार को स्थानीय कुशवाहा लॉज में किया गया जिसमें 5 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ

सम्मेलन में निधि-रोहित, श्वेता-पंकज, अनुसुइया-अशोक, अंजू-किशन एवं प्रिंसी-शिवम वैवाहिक बंधन में बंधे। उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच विवाह की सारी रस्में संपन्न हुई। अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था की ओर से नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र के साथ ही आवश्यक आभूषण उपहार स्वरूप भेंट किए गए। सम्मेलन के संयोजक रोहित प्रताप सिंह एवं सुंदर सिंह दीवान रहे। बादाम सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संजू राजा जिला पंचायत सदस्य सिकरी उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में अर्चना दिनेश यादव जिला पंचायत सदस्य जैसारी कला, सुशील चौधरी आदि रहे। संचालन मनोज अहिरवार ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र साहू, आयुष चतुर्वेदी, प्रिंस कुशवाहा, मंगल यादव, प्रद्युम्न यादव, मानवेन्द्र प्रजापति, सूरज आदि मौजूद रहे। संस्था के पदाधिकारियों एवं सम्मेलन के आयोजकों ने बताया कि खुशी जन कल्याण सेवा संस्था अब तक 2 हजार 151 बेटियों का दहेज रहित विवाह संपन्न करा चुकी है और भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंद परिवारों की मदद करने का संकल्प संस्था द्वारा लिया गया है।

# कठेरिया समाज ने कराया कन्याओं का सामूहिक विवाह

**●कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पधारी सपा सांसद डिम्पल यादव, दिया आशीर्वाद**

**केंद्र और प्रदेश सरकार पर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उरई(जालौन)**- कठेरिया समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान 17 निर्धन कन्याएं दाम्पत्य जीवन में बंध गई। नगर में धूमधाम से दूल्हों की सामूहिक बारात निकली जिसका नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रविवार को नगर के मेडिकल चौराहा सपा कार्यालय के पास सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। नगर में दूल्हों की सामूहिक बारात निकाली गई। बारात झांसी रोड से शुरू होकर माहिल तालाब, घंटाघर, शहीद भगत सिंह, जिला अस्पताल, अम्बेडकर चौराहा, कालपी रोड, जायसवाल होती हुई सपा कार्यालय के पास कार्यक्रम स्थल पहुंची। समारोह में जनपद के अलावा गैर जनपद निवासी 17 निर्धन कन्याएं दाम्पत्य जीवन में बंध गई। मंत्रोच्चारण के बीच सात फेरे लिये गये। इस मौके पर अतिथियों के अलावा परिजनों ने नवदंपती को आशीर्वाद दिया। विवाह की रस्म अदायगी पूरी होने पर विदा के समय कठेरिया समाज की ओर से सभी जोड़ों को उपहार, बर्तन, पलंग, कपड़े आदि दिये गये। बतौर मुख्य अतिथि पधारी सपा सांसद डिम्पल यादव समेत तमाम अतिथियों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता कर सपा सांसद ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर महंगाई, गैस सिलेंडर की किल्लत और बेरोजगारी को लेकर निशाना साधा और कहा की

शादी के मौसम में गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जबकि सरकार कमी से इनकार कर रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार, जमीन कब्जे और किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार को उन्होंने घेरा। युवाओं की बेरोजगारी और नौकरियों की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि बिना रोजगार के आरक्षण का लाभ कैसे मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सपा विधायक तेजप्रताप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नरेश उत्तम, पूर्व विधायक दीपक यादव, मौलाना इकवाल कादरी, पुष्पेंद्र ममना, विधायक इ. ब्रजेश कठेरिया, प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह कठेरिया ने भी सम्बोधित किया। आये हुए अतिथियों का विधायक इ. ब्रजेश कठेरिया, प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह कठेरिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, आंनद यादव, हाजी सोहराब खान, सुरेन्द्र बजरिया, प्रदीप दीक्षित, राजीव शर्मा, वीरपाल दादी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, रामेन्द्र त्रिपाठी, कपिल गुमावली, प्रमोद सविता,कुसुम सक्सेना, मांडवी निरंजन, सपा नगर अध्यक्ष कोंच अमित यादव, जिलाध्यक्ष छात्रसभा रामानंद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सोनभद्र स्कूलों के ऊपर से हटेंगे हाईटेंशन तार, बिजली व्यवस्था सुधारने हेतु जाँच समिति के कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र** - उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति ने आज सोनभद्र का दौरा किया। कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय सभापति अंगद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में जिले की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। सभापति महोदय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के जिन प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन बिजली के तार गुजर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल हटाया जाए। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही, जिन विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां तत्काल कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की जाए। बैठक के दौरान सभापति ने विजिलेंस टीम की कार्यशैली को लेकर स्पष्ट कहा छापेमारी की कार्यवाही मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में की जाए जहां लाइन लॉस अधिक है। जाँच की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी वैध विद्युत उपभोक्ता को विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।बैठक में विधान परिषद सदस्य राय धर्मेन्द्र सिंह, श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा, और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभापति महोदय ने प्रधानमंत्री जी की विकसित भारत की संकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ मिलकर कार्य करना होगा। अंत में, जिलाधिकारी ने समिति को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे।

### पति पर जान से मारने की कोशिश व मारपीट का आरोप, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर जान से मारने की कोशिश और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी ज्योति रिछारिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 11 बजे वह दवा लेकर घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पति मनोज रिछारिया ने तकिये से उसका मुंह दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जब वह घबराकर उठी तो आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि वह उसे मार देगा और इसे आत्महत्या का रूप दे देगा। इसके बाद उसने लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार उसे प्रताड़ित कर चुका है और गैस सिलेंडर खोलकर भी जान से मारने का प्रयास कर चुका है। महिला के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जनपद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों पर न दें ध्यान : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों-पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शनिवार को अधिकारियों और गैस एजेंसी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आम जनता किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानों पर गैस की कमी को लेकर अफवाह फैल रही हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि जनपद में एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं, ताकि अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि गैस बुकिंग और होम डिलीवरी की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। जिन उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई है, उन्हें सिलेंडर की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाए और उपभोक्ताओं को गोदामों पर जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और खाद्य रसद विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करें। यदि कहीं भी कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध रिफिलिंग, उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूली या घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने डीलरों को निर्देश दिया कि ऑनलाइन गैस सिलेंडर रिफिल बुकिंग के बाद पहले बुक कराओ, पहले पाओ के सिद्धांत का पालन किया जाए। सिलेंडर वितरण ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा और बुकिंग के बाद हॉकर द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि डिलीवरी मैन अपने वाहन में जितने सिलेंडर लेकर जाएं, उनकी बुकिंग पर्चियां साथ रखें। यदि सिलेंडर उपभोक्ता को दिया गया है तो उसकी प्राप्ति पर्ची भी उपलब्ध करानी होगी। डिलीवरी मैन अपने वाहन में वजन मापने का यंत्र भी साथ रखें और उपभोक्ताओं को तौलकर पूरी मात्रा में गैस उपलब्ध कराएं। सिलेंडर देने के समय उपभोक्ताओं को मूल्य अंकित पर्ची देना भी अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी डीलर अपने शोरूम पर उपलब्ध स्टॉक की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इसके अलावा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शोरूम पर हेल्पडेस्क स्थापित करें तथा शोरूम और गोदाम परिसर में निर्धारित दूरी पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। बैठक में एसपी मो.मुश्ताक, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्र, विभिन्न कंपनियों के एलपीजी सेल्स ऑफिसर तथा जनपद की सभी गैस एजेंसियों के डीलर मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एडीजी आलोक सिंह ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उ0नि0ना0पु0/समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की प्रचलित लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन, पूर्णतः पारदर्शी सम्पन्न कराने हेतु जनपद जालौन के कस्बा उरई क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों व परीक्षा की निगरानी के लिये स्थापित सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान ड्यिूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा केन्द्रों की सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखनें तथा संदिग्ध व्यक्तियों, नकल एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करनें, परीक्षा की निष्पक्षता एवं शुचिता बनाये रखने हेतु सतत् निगरानी, समन्वय एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, जालौन व पुलिस अधीक्षक, जालौन मौजूद रहे।

### खूनी संघर्ष,दो पक्षों में चले, लाठी डंडे एक दर्जन से ज्यादा घायल



**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत साढ़ थाना क्षेत्र के चिल्ली गांव में दो पक्षों के बीच मामूली विवाद ने अचानक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, दोनों पक्षों में जमकर मारपीट,लाठी डंडे और पत्थर चलें,, जिससे गांव में अफरातफरी मच गई इस घटना में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए,, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है , मिलीं जानकारी के मुताबिक किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते बढ़ गया,और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए , विवाद इतना बढ़ा कि लोगों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, मारपीट में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, गंभीर रूप से घायल एक युवक को उपचार के बाद जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनीं हुई हैं, पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, और दोनों पक्षी से पुलिस पूछताछ कर रही है, साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### कानपुर में ट्रैफिक सुधार को लेकर पुलिस की गोष्ठी, 30 दिवसीय कार्य योजना पर मंथन



**कानपुर।** कानपुर नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक 15 मार्च 2026 को पुलिस सभागार में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा एवं पुलिस उपायुक्त यातायात श्री रवीन्द्र कुमार द्वारा ट्रैफिक अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में शहर के 28 प्रमुख चौराहों की यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आगामी 30 दिवसीय कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान हेतु QRT (Quick Response Team) गठन, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा ई-रिक्शा कलर कोडिंग को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।साथ ही ICCC व ट्रैफिक कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग एवं टीआई/टीएसआई की मासिक समीक्षा कर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। 'कानपुर नगर में बेहतर एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। 'सभी संबंधित विभागों के समन्वय और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन के माध्यम से जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। आगामी 30 दिवसीय कार्य योजना के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# कांशीराम की 92वीं जयंती सपा ने की पर पीडीए सेमिनार, गैस के अभाव पर की चिंता

● 'पीडीए छात्रों को भाजपा सरकार वजीफे से वंचित कर रही है। गैस के अभाव के कारण हॉस्टल तथा कोचिंग मंडी के छात्र कोचिंग छोड़कर घर जा रहे हैं - हाजी फ़ज़ल महमूद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों, पीडीए टीम तथा 78 वार्ड अध्यक्षों द्वारा मान्यवर कांशीराम जी की 92वीं जयंती के अवसर पर सपा हॉल में महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में 'पीडीए सेमिनार' आरंभ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया सर्वप्रथम अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इसके बाद सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सपा महानगर के सभी बूथों पर मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर, उनकी नीतियों तथा पीडीए मिशन को मजबूत करके 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प दोहराया गया है।

अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने आगे कहा कि भाजपा पीडीए छात्रों के साथ भेदभाव कर रही है और उनकी छात्रवृत्ति में कटौती कर रही है, जिसकी वजह से छात्रों को महंगी शिक्षा ग्रहण करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि शहर के छोटे-छोटे ढाबे गैस के अभाव में बंद हो गए हैं। छात्रों के हॉस्टलों में गैस की किल्लत के कारण छात्र हॉस्टल छोड़कर घर जा रहे हैं और गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आज कांशीराम की जयंती पर पुनः यह संकल्प लिया गया कि 470 मलिन बस्तियों में पीडीए सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे और महंगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ परिवर्तन का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नीतेंद्र यादव, सुधांशु मिश्रा, कुलदीप यादव, शीतला चरण वर्मा, सत्यनारायण गहरवार,फखरे आलम, परमवीर गंभीर उपस्थित थे।

# शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 परियोजनाओं के लिये 56 करोड़ की मिली स्वीकृति : विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के अंतर्गत शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक विनय वर्मा द्वारा शासन को भेजे गये प्रस्ताव के अनुरूप कुल 13 विकास कार्यों/ परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनकी कुल लागत लगभग 56.08 करोड़ रुपये है। विधायक विनय वर्मा के अथक प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों के लिये लघु सेतु सहित कुल 13 परियोजनाओं की स्वीकृति मिलने से जनता में खुशी है। लोक निर्माण विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बढ़नी में समय माता स्थान मधवा नगर बैरिहवा मार्ग का निर्माण कार्य, शोहरतगढ़ के भिरण्डा समय माता स्थान से नियांव तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य एवं एन एच 730 के किलोमीटर 408 से निकलकर धनौरा मुस्तहकम एसएसबी कैंप होते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य एवं क़ई छोटे छोटे पुलों के निर्माण की स्वीकृति मिलने से लोगों को काफ़ी सहूलियत होगी।

विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव का आभार जताया। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कई अन्य करोड़ों रुपये के प्रस्ताव भी वर्तमान में शासन स्तर पर लंबित हैं। जिसके जल्द ही स्वीकृति की उम्मीद है। शोहरतगढ़ के विकास, सड़क संपर्क और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी है। विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

### जन आरोग्य मेले में 135 मरीजों का जांच कर दवा दी गई



**सिद्धार्थनगर-** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. एस सी शर्मा ने 101 मरीजों को जांच कर दवा दी। डॉ एस, सी, शर्मा ने बताया कि इस मौसम में सर्दी, नजला, टाई फाई, बुखार, पैरों में जलन कमर में दर्द देखने को मिला। मच्छर का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया। इसी कारण बुखार आदि मरीज मिले। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में जन आरोग्य मेले में 34 मरीज आए जो कि डाक्टर राहुल कुमार ने मरीजों की जांच कर दवा दी । इस मौके पर फार्मासिस्ट राकेश कुमार चौधरी, त्रिशूल चतुर्वेदी, धीरज राय, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीखाटू श्याम की निशान व पालकी शोभायात्रा उमड़े श्यामभक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में रविवार को श्रीखाटू श्याम बाबा की भव्य निशान एवं पालकी शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। श्रीराम जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ हुआ। जो भारत माता चौक और पुलिस चौकी होते हुए राजस्थान अतिथि भवन तक पहुंची। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा नगर श्याममय हो गया। आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। रात में भजन कीर्तन आयोजन को लेकर श्यामभक्त उत्सुक रहे।



सांसद जगदम्बिका पाल व विधायक विनय वर्मा ने बाबा श्रीखाटू श्याम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की तथा आयोजन समिति और सभी श्रद्धालुओं का भव्य आयोजन के लिये आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक विनय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नीलू रूंगटा, श्याम जायसवाल, सूर्य प्रकाश पांडेय, नंदू गौड़, सतीश कुमार मित्तल, विष्णु बुबना, गोपी रूंगटा, अमित परशुरामका, गोलू दालान, सर्वेश खेतान,रिया बोरा, रंजना मित्तल, मीना बूबना, स्वाति पोद्दार,महेश कसौधन आदि उपस्थित रहे।

# क्या 'पादरी' और 'बेटी' गांजा भी बेच सकते हैं शासन प्रशासन की खुली छूट

● बस्ती के चर्च में संपत्ति, सत्ता और साज़िश का सनसनीखेज खेल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में धर्म, सेवा और नैतिकता का संदेश देने वाले गिरजाघर में यदि संपत्ति के खेल, सत्ता की साजिश और अवैध गतिविधियों के आरोप गूंजने लगें तो सवाल उठना स्वाभाविक है। बस्ती के एक चर्च को लेकर इन दिनों कुछ ऐसे ही गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, जिनसे पूरे इलाके में हलचल मच गई है। चर्च से जुड़े सूत्रों का आरोप है कि चर्च की संपत्ति और उसके आर्थिक प्रबंधन को लेकर अंदरखाने एक बड़ा संघर्ष चल रहा है। आरोपों के केंद्र में चर्च से जुड़े अनिल लाल बताए जा रहे हैं, जिन पर चर्च की संपत्ति को निजी हित में इस्तेमाल करने और उसे बेचने की साजिश रचने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

विरोध करने वाले पादरी को हटाया गया? बताया जा रहा है कि पूर्व पादरी रेमंड स्टर्लिंग ने जब चर्च की संपत्ति और वित्तीय लेन-देन को लेकर सवाल उठाए, तो उनके खिलाफ माहौल बना दिया गया। चर्च के अंदरूनी लोगों का कहना है कि स्टर्लिंग को हटाने के लिए बाकायदा रणनीति बनाई गई और धीरे-धीरे उन्हें पद से अलग कर दिया गया।

स्टर्लिंग का आरोप है कि चर्च की संपत्ति को 'व्यवस्था' के नाम पर बेचा या स्थानांतरित करने की कोशिश हो रही थी, जिसका उन्होंने विरोध किया।गंभीर आरोपों से मचा हड़कंप, विवाद उस समय और गहरा गया जब कुछ लोगों ने यह सनसनीखेज आरोप लगाया कि पादरी और उनके परिवार पर गांजा बेचने तक के आरोप लगाए गए। यह आरोप कितने सही हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इन आरोपों ने चर्च के अंदरूनी संघर्ष को सार्वजनिक बहस का विषय बना दिया है।चर्च के अंदर सत्ता संघर्षःस्थानीय लोगों का कहना है कि यह विवाद केवल धार्मिक व्यवस्था का नहीं बल्कि चर्च की करोड़ों की संपत्ति पर नियंत्रण का है। आरोप है कि कुछ लोग चर्च के संसाधनों पर कब्जा कर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं।सूत्र बताते हैं कि चर्च के भीतर दो गुट बन गए हैं—एक गुट अनिल लाल के साथ खड़ा है, जबकि दूसरा गुट पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है। प्रशासन की चुप्पी पर सवाल?इस पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इतने गंभीर आरोप सामने आए हैं तो निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। समाज में उठ रहा बड़ा सवाल?धार्मिक संस्थाएं समाज को नैतिकता और अनुशासन का संदेश देती हैं। ऐसे में यदि उन्हीं संस्थाओं के भीतर संपत्ति विवाद, आरोप-प्रत्यारोप और अवैध गतिविधियों की चर्चा होने लगे, तो इससे समाज का भरोसा कमजोर होता है।लोगों की मांग है कि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच हो, ताकि सच सामने आ सके और धार्मिक संस्था की गरिमा बनी रहे।

### खेल छात्रावास अयोध्या ,विवेक अकादमी वाराणसी,बाराबंकी और स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर सेमीफाइनल में

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में चल रही राज्य आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी कुल 7 मैचेज खेले गए।तीसरे दिन के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी परमजीत सिंह पम्मी और उक्त प्रतियोगिता के शिकायत निदानकर्ता अधिकारी और सुल्तानपुर के क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर का जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने दोनों ही अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत,दोनों ही मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी उत्तर प्रदेश से निर्णायक आशा ,रश्मि ,मनीषा,संदीप, अमित,अर्शी परवीन ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह उपस्थित रहे। खेल का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।पहला मैच बिजनौर मेरठ,दूसरा मैच प्रयागराज प्रतापगढ़,तीसरा दिलचस्प मैच स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर 10 भदोही 00, चौथा मैच विवेक अकादमी वाराणसी गोरखपुर,पांचवा मैच खेल छात्रावास प्रयागराज, छठवां मैच भदोही मेरठ,सातवां मैच बाराबंकी स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के बीच खेला गया।

# बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण कर चिड़ियाघर व रेल म्यूजियम का लिया आनंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व शिक्षकों के एक दल ने रविवार को गोरखपुर स्थित चिड़ियाघर व रेल म्यूजियम का शैक्षणिक भ्रमण किया। बीईओ संजय कुमार ने सुबह के समय बीआरसी परिसर से भ्रमण दल के बस को गोरखपुर के लिये रवाना किया। बच्चों व शिक्षकों की टीम ने गोरखपुर पहुंचकर शहीद अशफाक उल्लाह खान प्राणी उद्यान में शेर, चीता गैंडा, हिरण व विभिन्न प्रजातियों के सांपों , रंगबिरंगी तितलियों और मछलियों को देखकर जानकारी हासिल की। सांस्कृतिक, धार्मिक, भौगोलिक , सामाजिक ज्ञान के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। ऐतिहासिक धरोहर रेल म्यूजियम , देश के बड़े रेलवे स्टेशन को भी बच्चों ने देखा। बीईओ संजय कुमार ने कहा कि बच्चों को ज्ञानार्जन के उद्देश्य से शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। बच्चे भ्रमण से सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान को हासिल किये। विद्यार्थियों की टीम ने गोरखपुर पहुंचकर शहीद अशफाक उल्लाह खान प्राणी उद्यान में शेर, चीता गैंडा, हिरण व विभिन्न प्रजातियों के सांपों , रंगबिरंगी तितलियों और मछलियों को देखकर जानकारी हासिल की। सांस्कृतिक, धार्मिक, भौगोलिक , सामाजिक ज्ञान के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। ऐतिहासिक धरोहर रेल म्यूजियम , देश के बड़े रेलवे स्टेशन को भी बच्चों ने देखा। गोरखपुर स्थित धार्मिक महत्व के गोरक्षनाथ मंदिर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मनोज कुमार यादव, विजय बहादुर, प्रवीण कुमार, रोबिन, नागेंद्र कुमार, रामाश्रय लाल,पप्पू यादव, राजीव धर द्विवेदी, कल्पना, अंजलि, हरेंद्र बहादुर सिंह, संतोष कुमार, राहुल, कवलभान, आंनद आदि शिक्षकों सहित छात्रों का दल मौजूद रहा

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी की प्रथम बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी (आरपीएस) की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आरपीएस के अध्यक्ष शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि प्रतापगढ़ में रोजगार से लेकर व्यवसाय की बहुत ज्याद सम्भावनायें है, प्रतापगढ़ जनपद लखनऊ-वाराणसी-अयोध्या-प्रयागराज के मध्य बसा हुआ है। यहां पर रेलवे लाइन, गंगा एक्सप्रेसवे से लेकर कई महत्वपूर्ण हाइवे प्रतापगढ़ से होकर गुजरते है। आंवला, आम और कृषि उत्पादों में लोग जुड़े हुये है इसके बावजूद अभी तक प्रतापगढ़ का समुचित विकास नही हो पाया है। विकसित प्रतापगढ़ की संकल्पना को पूरा करने के लिये आरपीएस का गठन किया गया है। आरपीएस का मूल उद्देश्य रिकनेक्ट, रिफार्म, रिबिल्ट है, प्रतापगढ़ को लेकर जो नकारात्मक छबि बनी हुई है उसको खत्म करना है। आरपीएस के बैनर तले 4 अलग अलग क्षेत्रों में प्रारम्भिक कार्य शुरू हो गया है। प्रतापगढ़ में भारी निवेश लाने के लिये मई माह में दो दिवसीय कान्क्लेव प्रस्तावित है। प्रतापगढ़ सोसाइटी (आरपीएस) की प्रेसवार्ता में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को इस मंच से जोड़ा गया है। इनमें शिक्षा, उद्यमी, व्यापारी, युवा सहित कई क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राइजिंग प्रतापगढ़ सोसाइटी के चार प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला प्रतापगढ़ की सकारात्मक और बेहतर छवि बनाना। दूसरा जिले में मौजूद अवसरों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना ताकि वे आगे बढ़ सकें। तीसरा, प्रतापगढ़ के वे लोग जो बाहर रहकर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी पहचान बना चुके हैं, उन्हें जिले से जोड़ना और उनके अनुभव व सहयोग से प्रतापगढ़ के समग्र विकास में योगदान सुनिश्चित करना। चौथा उद्देश्य यह है कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में जनभागीदारी को बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सोसाइटी जनपद के समग्र विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

इससे पहले बैठक में आरपीएस के संरक्षक राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने बैठक में उद्घोषणा की वह अपनी निधि से जनपद में पहला सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण करवायेगें। डीएम ने बताया कि मई माह में होने वाले कॉन्क्लेव के लिये केन्द्र और प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधि और उच्च अधिकारी को भी सादर आमंत्रित किया जायेगा। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि आरपीएस निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल है इससे जनपद की छवि बदलेगी और निवेश आयेगा।सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा ने भी राइजिंग प्रतापगढ़ के लिये अपने विचार रखे। आरपीएस के सचिव अंकुर केसरवानी ने बताया कि आरपीएस का मूल उद्देश्य जनपद की छवि को बदलना है, लाजिस्टक पार्क, हास्पिटैलिटी जैसे बहु आयामी विकल्पों को सबके समक्ष रखना है। जनपद के बहुत सारे लोग देश, प्रदेश और विदेश में रहते है वह अपने जनपद को बदलता हुआ देखना चाहते है इसी दिशा में आरपीएस काम करेगा। पीपीटी के माध्यम से उन्होने आरपीएस की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, डीसी मनरेगा/प्रभारी जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, आरपीएस के कोषाधिकारी राहुल खण्डलेवाल, एडमिनिस्ट्रेटिव अफेयर्स हेड डॉ शाहिदा, एडमिनिस्ट्रेटिव अफेयर्स सचिव बृजभानु सिंह, संयुक्त सचिव अनुभा पाण्डेय, प्रोजेक्टे कोर्डिनेटर उत्कृष्ट पाण्डेय व आदित्य शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग़ोला बाजार में रास्ता बंद करने के विरोध में सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

● ग्रामीणों का कहना है कि बसपा के पूर्व नेता ने ताजियादारी के मुख्य मार्ग को ही दीवाल उठाकर किया बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर -** गोला तहसील अंतर्गत उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम रौजा दरगाह में गांव के पुराने सार्वजनिक संपर्क मार्ग को बंद करने के विरोध में दर्जनों की संख्या ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे कर चट्टा बिछाकर उरुवा -धुरियापार मुख्य मार्ग पर बैठक सुबह लगभग 10:00 बजे से उरुवा- धुरियापार मार्ग को जाम कर दिया । जिसके चलते उक्त मार्ग से आवागमन लगभग डेढ़ घंटे बधित रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची उरुवा पुलिस ने समझा- बुझा कर जाम खुलवाकर जिम्मेदार लोगों को अपने साथ लेकर गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव में वर्षो से चलने वाले पुराने संपर्क मार्ग के साथ-साथ ताजियादारी के मुख्य रास्ते को गांव के बसपा के पूर्व नेता ने मार्ग की जमीन को अपनी जमीन बता कर रविवार की रात में

दीवाल उठाकर बंद कर दिया । भोर के समय रोजा रखने वाले महिला एवं पुरुष जब सहरी खाने के लिए उठे तो अपने संपर्क मार्ग में दीवाल खड़ी देख आवाक रह गए और आक्रोशित होकर कुछ लोगों ने दीवाल गिराने की कोशिश भी की जिसे लेकर मारपीट भी हुई। सूचना पाकर सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने पूर्व बसपा नेता एवं उनके लड़के को पुलिस अपने साथ थाने लेकर चली गई। बावजूद इसके सुबह लगभग 10:00 बजे कुछ लोगों ने ग्रामीणों को बरगलाकर बद रास्ते के सामने उरुवा - धुरियापार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने दोनों पक्षों का बी एन एस की धारा 170 में चलान कर दिया है ।

### गाली-गलौज के बाद युवक पर चाकू से हमला

**आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** जनपद के मडावरा थाना क्षेत्र में गाली-गलौज के विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ौली कलां निवासी बीरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 12 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे अपने घर के दरवाजे पर परिजनों और रिश्तेदारों के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव का ही रोहित पुत्र अशोक वंशकार वहां आ गया और गाली-गलौज करने लगा। जब बीरन ने उसे मना किया तो आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार के साथ भी आरोपी ने मारपीट की और चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आबकारी अधिनियम में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनकटा थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार थाना बनकटा में दर्ज मुकदमा संख्या 06/2026 धारा 341(2), 61(2) ए बीएनएस व 60/63 आबकारी अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त विशाल यादव पुत्र मुन्नीलाल यादव निवासी जगदीशपुर थाना श्रीरामपुर को मुखबिर की सूचना पर सोहनपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल रवि राय व कांस्टेबल अवधेश कुमार शामिल रहे।

